

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,गुरुवार 15 जनवरी 2026 ■ माघ कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-287 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 16 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## मजदूरों के न्यूनतम वेतन में वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने सुको का आदेश

**नई दिल्ली,15 जनवरी।** उच्चतम न्यायालय ने देश के करोड़ों असंगठित और संगठित क्षेत्र के मजदूरों के हित में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राज्य और केंद्र सरकारों को उनके वेतन और काम की परिस्थितियों में सुधार करने के कड़े निर्देश दिए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया है कि 'सम्मानजनक जीवन' के अधिकार के तहत मजदूरों को केवल गुजारा करने लायक नहीं, बल्कि उनके कौशल और वर्तमान महंगाई के अनुसार उचित वेतन मिलना चाहिए।

**महंगाई के अनुपात में वेतन वृद्धि:** कोर्ट ने कहा कि न्यूनतम वेतन की समीक्षा समय-समय पर की जानी चाहिए। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर 'परिवर्तनीय महंगाई भत्ता' को



वेतन का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाए ताकि बढ़ती महंगाई का बोझ मजदूरों पर न पड़े।

**'समान काम, समान वेतन' का सिद्धांत:** सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि यदि कोई अनुबंध मजदूर स्थायी कर्मचारी के समान ही काम कर रहा है, तो वह उसी वेतन दर का हकदार है। लिंग या रोजगार की प्रकृति के आधार पर वेतन में भेदभाव करना संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।

**ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण और लाभ:**अदालत ने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया है कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी मजदूरों को राशन कार्ड और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तुरंत सुनिश्चित किया जाए। कोर्ट ने कहा कि कोई भी मजदूर केवल दस्तावेजों की कमी के कारण सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए।

**काम के घंटों और ओवरटाइम पर सख्ती:**अदालत ने कार्यस्थलों पर मजदूरों के शोषण पर चिंता जताते हुए कहा कि तय घंटों से अधिक काम कराने पर अनिवार्य रूप से दोगुना ओवरटाइम भुगतान किया जाना चाहिए। साथ ही, स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य है।

**सरकार की जिम्मेदारी:**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को एक महीने के भीतर अनुपालन रिपोर्ट पेश करने को कहा है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि न्यूनतम वेतन से कम भुगतान करना 'बलात श्रम' के समान है, जो अनुच्छेद 23 के तहत दंडनीय है।

**मजदूरों पर प्रभाव:**इस फैसले से निर्माण कार्य, कृषि, कारखानों और घरेलू कामगारों के रूप में कार्यरत करोड़ों लोगों को लाभ मिलेगा। अब राज्य सरकारों को अपने-अपने क्षेत्रों में न्यूनतम मजदूरी की दरों को अपडेट करना होगा, जिससे मजदूरों की मासिक आय में 15% से 25% तक की वृद्धि होने की संभावना है।

## हमला किया तो अमेरिकी बेस होंगे तबाह : ईरान

**तेहरान,15 जनवरी।** ईरान में प्रदर्शनकारियों की करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी से तेहरान बेपरवाह दिखाई दे रहा है। उसने अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी वाले अपने पड़ोसियों को चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने हमला किया तो वह उनके यहां स्थित अमेरिकी बेसों पर हमला करेगा। इस धमकी के बाद एहतियात के तौर पर अमेरिका और ब्रिटेन ने कतर स्थित अल उदीद एयर बेस अपने कुछ लोगों को हटा लिया है। पश्चिमी सैन्य जानकारों का कहना है कि जो संकेत मिल रहे हैं उससे साफ है कि ईरान पर अमेरिकी हमला अवश्यंभावी है। इसी कारण भारत, पोलैंड और इटली समेत विभिन्न देशों ने अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने की एडवाइजरी जारी कर दी है। ट्रंप की चेतावनी के बावजूद ईरान ने हिरासत में लिए गए 26 वर्षीय व्यक्ति इरफान सुल्तानी समेत प्रदर्शनकारियों को फांसी देने के संकेत दिए हैं। ईरानी अधिकारियों ने लगभग तीन हजार लोगों के मारे जाने की बात कही है, हालांकि मानवाधिकार कार्यकर्ता करीब 2,600 लोगों के मारे जाने की बात कह रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कई दिनों से खुलेआम ईरान में दखल देने की धमकी दे रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने ईरानियों से विरोध जारी रखने और सरकारी संस्थाओं पर कब्जा करने की अपील भी की थी और कहा था कि मदद आ रही है। ट्रंप ने ईरानी अधिकारियों के साथ बैठकें रद कर दी हैं। ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए सैन्य कार्रवाई के साथ-साथ ट्रंप कूटनीतिक हथियार भी इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि अगर ईरान ने प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध खूनी कार्रवाई जारी रखी तो उस पर और टैरिफ लगाए जाएंगे।

## अमेजन-फ्लिपकार्ट समेत कई ई-कॉमर्स वेयरहाउसों पर छापा

**बिलासपुर,15 जनवरी।** बिलासपुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण की दिशा में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनियों के वेयरहाउसों पर एक साथ दबिश दी। इस छापेमारी के दौरान अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो, ब्लिंकिट और ब्लू डार्ट जैसे बड़े रिटेल गोदामों से बड़ी संख्या में बटनदार और अवैध धारदार चाकू बरामद किए गए हैं। पुलिस की विशेष टीमों ने तारबाहर, सिविल लाइन, सरकंडा और चकरभाठा थाना क्षेत्रों में स्थित वेयरहाउसों की सघन तलाशी ली। जांच के दौरान जैसे ही प्रतिबंधित हथियारों का जखीरा मिला, पुलिस ने उन्हें तुरंत जब्त कर लिया। हथियारों की इतनी बड़ी खेप मिलने के बाद पुलिस अब इस जांच में जुट गई है कि इन चाकुओं को ऑनलाइन माध्यम से किन लोगों ने ऑर्डर किया था। पुलिस ने इन कंपनियों से ग्राहकों की सूची तलब की है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं ये हथियार किसी आपराधिक साजिश या गैंगवार के उद्देश्य से तो नहीं मंगाए जा रहे थे। कार्रवाई के बाद एसपी कार्यालय में सभी वेयरहाउस प्रबंधकों की बैठक ली गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए

**बड़ी संख्या में प्रतिबंधित चाकू बरामद**



कि जिले में ऑनलाइन माध्यम से धारदार या प्रतिबंधित हथियारों की खरीद-फरोख्त पर पूर्णतः प्रतिबंध है। पुलिस ने कड़ी चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में किसी भी गोदाम में ऐसे हथियार पाए जाते हैं, तो न केवल सामग्री जब्त होगी, बल्कि संबंधित मैनेजर और कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बिलासपुर पुलिस का कहना है कि शहर की कानून-व्यवस्था और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए इस तरह की औचक जांच और ई-कॉमर्स पोर्टल्स की निगरानी भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

## सज्जाद लोन ने की कश्मीर को जम्मू से अलग करने की माँग

**श्रीनगर,15 जनवरी।** पीपुल्स कांफ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने जम्मू और कश्मीर संभागों के बीच मौजूदा प्रशासनिक व्यवस्था पर पुनर्विचार की खुली मांग कर एक नई बहस छेड़ दी है। हम आपको बता दें कि सज्जाद लोन घाटी से पहले प्रमुख नेता हैं जिन्होंने दोनों क्षेत्रों के बीच "अमिकल डिवोर्स" यानी सौहार्दपूर्ण अलगाव की बात कही है। एक आधिकारिक बयान में सज्जाद लोन ने कहा है कि विकास से जुड़े विवादों के साथ-साथ राजनीतिक और प्रशासनिक मुद्दों ने हालात को इस मोड़ पर ला खड़ा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जम्मू को "कश्मीर को पीटने वाली लाठी" की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। लोन ने कहा है कि कश्मीर के लोग अब और बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं और अलगाव की भावना पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हो गई है। हम आपको बता दें कि सज्जाद लोन का यह बयान ऐसे समय में आया है जब जम्मू के कुछ वर्गों ने केंद्रीय कश्मीर के बड़गाम जिले में प्रस्तावित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी) को जम्मू स्थानांतरित करने की मांग की है। इसके साथ ही जम्मू के लिए अलग राज्य की आवाजें भी

## चाइनीज मांझा से श्रमिक की जान आफत में

**भिलाई,15 जनवरी।** मकर संक्रांति के दिन कुछ युवकों द्वारा परंपरा निर्वहन के नाम पर चाइनीज मांझा से पतंग उड़ाने का शौक ने एक ठेका श्रमिक की जान आफत में डाल दिया। कार्य स्थल से साइकिल में घर लौटते समय पतंग का चाइनीज मांझा ठेका श्रमिक के गले में उलझ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल शख्स चांदनी चौक कोहका निवासी असलम ( 42 साल ) है बताया जा रहा है कि असलम भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिक है। 14 जनवरी को वह शाम 5 बजे के आसपास कार्य स्थल से साइकिल में घर लौट रहा था। फोरलेन सड़क पर ट्रैफिक ज्यादा होने की वजह से असलम नंदिनी रोड होकर कोहका जा रहा था। इसी दौरान पतंग का चाइनीज मांझा उसके गले में उलझ गया। इससे उसके गले में गंभीर चोट लगी। आसपास मौजूद लोगों ने उसे नजदीक के क्लिनिक में प्राथमिक उपचार कराया। वहां के चिकित्सक ने असलम को बड़े अस्पताल जाकर दिखाने की सलाह दी गौरतलब रहे कि हादसों ने प्रशासन की तैयारियों और कार्रवाई पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



मकर संक्रांति से एक दिन पहले ही नगर निगम की टीम ने चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई किया था। चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध के बावजूद लगातार हो रहे त्योहार के दिन शहर में हुए इस हादसे ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रशासनिक लापरवाही और अवैध मांझे का इस्तेमाल लोगों की जान पर भारी पड़ रहा है

## भारतीय सेना के जवान निस्वार्थ सेवा व राष्ट्र रक्षा के प्रतीक : पीएम नरेन्द्र मोदी

**नईदिल्ली १५ जनवरी ।**सेना दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारतीय सेना की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है और सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी अटूट संकल्प के साथ देश की सुरक्षा करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र उनकी वीरता और दृढ़ प्रतिबद्धता को नमन करता है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे सैनिक निस्वार्थ सेवा के प्रतीक हैं, जो सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्र की रक्षा करते हैं। कर्तव्य के प्रति उनकी भावना पूरे देश में विश्वास और कृतज्ञता की भावना जगाती है। मोदी ने कहा कि देश उन लोगों को गहरे सम्मान के साथ याद करता है जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश की एकता, संप्रभुता और अखंडता की रक्षा में सदैव अडिग रही है। हमारे सैनिक सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ आपदा, संकट और मानवीय सहायता के समय भी अहम भूमिका निभाते हैं।

आपका अटूट राष्ट्र प्रथम का भाव हर भारतीय को निरंतर प्रेरित करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर भारतीय सेना के वीर जवानों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं। राष्ट्र उनके अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और भारत की संप्रभुता व अखंडता की रक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को नमन करता है। उन्होंने कहा कि सीमाओं पर सतर्कता और संकट की घड़ी में दृढ़ संकल्प के साथ खड़ी भारतीय सेना ने अपने पेशेवर कौशल, अनुशासन और मानवीय सेवा के माध्यम से वैश्विक सम्मान अर्जित किया है। हमारी सरकार एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार सेना के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कृतज्ञ राष्ट्र गर्व और सम्मान के साथ अपने सैनिकों के साथ एकजुट खड़ा है। वहीं उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सेना दिवस के अवसर पर मैं भारतीय सेना के वीर अधिकारियों, जवानों और पूर्व सैनिकों को नमन करता हूं। देश की सुरक्षा में उनका अटूट साहस, अनुशासन और सर्वोच्च बलिदान हर नागरिक को प्रेरित करता है। हम भारत की एकता और अखंडता के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा और अडिग प्रतिबद्धता का सम्मान करते हैं। इस पावन अवसर पर हम कर्तव्य पथ पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को गहरी कृतज्ञता के साथ स्मरण करते हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने सेना दिवस के अवसर पर भारतीय सेना के जवानों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। शाह ने कहा कि उनके शौर्य की गूंज हमारे इतिहास के पन्नों में दर्ज है, जो हर पीढ़ी के भारतीयों के भीतर देशभक्ति की प्रचंड ज्वाला प्रज्वलित करती है। कर्तव्य पथ पर सर्वस्व अर्पित करने वाले उन वीर हृदयों को मेरा कोटि-कोटि नमन।

## मणिकर्णिका घाट पर विकास कार्यों को लेकर बड़ा विवाद

### अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति तोड़ने का लगा आरोप

**वाराणसी,15 जनवरी।** मूर्ति तोड़ने के विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व पाल समाज समिति के सदस्यों ने करते हुए आरोप लगाया है कि पुनरुद्धार के नाम पर बिना किसी पूर्व सूचना के मणिकर्णिका घाट के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ की जा रही है और इसी क्रम में देवी अहिल्याबाई होलकर की ऐतिहासिक मूर्ति को हटा दिया गया या क्षतिग्रस्त किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह मूर्ति केवल पत्थर की प्रतिमा नहीं बल्कि समुदाय की आस्था और इतिहास का प्रतीक है।

प्रदर्शन को मराठी समुदाय के कुछ वर्गों, धनगर समाज और अन्य स्थानीय समूहों का भी समर्थन मिला। सनातन रक्षक दल के अध्यक्ष अजय शर्मा ने आरोप लगाया कि घाट पर कई प्रतिष्ठित और प्राण प्रतिष्ठित मूर्तियों को मशीनों से तोड़ा गया। उन्होंने कहा कि जिन प्रतिमाओं में प्राण प्रतिष्ठा की जाती है, उन्हें जीवित माना जाता है और इस



तरह का ध्वस्तीकरण धार्मिक भावनाओं का सीधा अपमान है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि मूर्तियों को बाद में दोबारा स्थापित भी किया जाएगा तो उनकी धार्मिक शुचिता कैसे बनी रहेगी। वहीं दूसरी ओर, प्रशासन ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। वाराणसी के जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि मणिकर्णिका घाट पर चल रहे कार्यों का उद्देश्य केवल सुविधाओं में सुधार, स्वच्छता और स्थान प्रबंधन को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि निर्माण के दौरान जो भी कलाकृतियां या मूर्तियां प्रभावित हुई हैं, उन्हें संस्कृति विभाग द्वारा सुरक्षित स्थान पर रखा गया है और कार्य पूर्ण होने के बाद उन्हें उनके मूल रूप में पुनः स्थापित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी मंदिर को न तो तोड़ा गया है और न ही जानबूझकर नुकसान पहुंचाया गया है। हम आपको यह भी बता दें कि मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी आलोक वर्मा ने कहा है कि घाट और उसके आसपास रहने वाले अधिकांश लोग विरोध नहीं कर रहे हैं और विरोध प्रदर्शनों में कुछ बाहरी तत्वों के शामिल होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। दूसरी ओर, इस विवाद ने केवल वाराणसी तक ही सीमित न रहकर मध्य प्रदेश के इंदौर में भी तीखी प्रतिक्रिया पैदा की है.

## अमेरिकी धमकियों के बीच एक हुए शिया और सुन्नी मुसलमान देश?

**तेहरान,15 जनवरी।** अमेरिका की ओर से ईरान को लगातार हमले की धमकियां दी जा रही हैं। इस बीच इस्लामिक जगत में शिया और सुन्नी मुसलमान देशों के बीच के मतभेद खत्म होते दिख रहे हैं। अमेरिकी हमले की स्थिति में सऊदी अरब ने ईरान को भरोसा दिया है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देगा। सऊदी अरब ने ईरान को बताया है कि वह अपनी जमीन का उसके खिलाफ हमलों में इस्तेमाल नहीं होने देगा। यही नहीं वह अपने एयरस्पेस से भी ऐसे किसी लड़ाकू विमान को गुजरने नहीं देगा, जिसका मकसद ईरान पर हमला करना हो। सऊदी अरब की ओर से ईरान को मिला यह भरोसा अहम माना जा रहा है। वॉशिंगटन से कई बार ईरान को धमकी मिल चुकी है, जिसमें उसने कहा कि यदि प्रदर्शनकारियों पर सख्ती बरती गई तो वह सैन्य हस्तक्षेप करेगा। सऊदी अरब को अमेरिका के करीबी दोस्तों में शुमार किया जाता है। इसके अलावा शिया और सुन्नी विवाद के कारण भी ईरान और सऊदी अरब के बीच एक दूरी रही है। ऐसे में सऊदी अरब की तरफ से ईरान को भरोसा दिया जाना बड़ा संकेत है। खासतौर पर तब जबकि पाकिस्तान समेत किसी भी इस्लामिक देश ने ईरान के साथ एकता की बात नहीं की है। पाकिस्तान अकसर इस्लामिक एकता का राग अलापता रहा है, लेकिन अमेरिकी की ओर से ईरान को मिल रही धमकियों के बाद भी वह चुप है। सऊदी विदेश मंत्रालय के एक सूत्र ने एएफपी को बताया, 'हमारी ओर से ईरान को स्पष्ट कर दिया गया है कि सऊदी अरब उसके खिलाफ किसी भी अलायंस का हिस्सा नहीं बनेगा। इसके अलावा हम ईरान पर हमले के लिए अपनी जमीन और एयरस्पेस का भी इस्तेमाल नहीं होने देंगे।' अमेरिका के मिडल ईस्ट में कई ठिकाने हैं। इनमें से कुछ सऊदी अरब में भी हैं। माना जाता रहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच छिड़ी जंग में सऊदी अरब किसी का पक्ष नहीं लेगा। उसका अब भी ऐसा ही स्टैंड है, लेकिन ईरान को उसने जो भरोसा दिया है,

## एनआरडीए ने अतिक्रमण हटाने 4 पीएम आवास समेत 7 घरों को भेजा नोटिस

**रायपुर,15 जनवरी।** खपरी गांव में अतिक्रमण हटाने को लेकर एनआरडीए द्वारा जारी नोटिस के बाद विवाद गहरा गया है. बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्रवाई के विरोध में धरने पर बैठ गए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि गांव के करीब 7 घरों को अतिक्रमण बताकर हटाने की तैयारी की जा रही है, जिनमें से 4 मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने हुए हैं. ग्रामीण लोकनाथ बारले ने बताया कि वे और उनके परिवार पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से इस जमीन पर रह रहे हैं. उनके अनुसार यह उनके पुरखों की जमीन है और उनके पास भूमि का पट्टा भी मौजूद है, इसके बावजूद उन्हें बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के हटाया जा रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि एनआरडीए उनकी जमीन तो ले रहा है, लेकिन बदले में न तो जमीन दी जा

**धरने पर बैठे स्थानीय निवासी**



रही है और न ही पुनर्वास की कोई व्यवस्था की गई है. स्थानीय लोगों ने बताया कि 9 दिसंबर 2025 को एनआरडीए की ओर से नोटिस भेजा गया था, जिसका लिखित जवाब भी दे दिया गया, लेकिन अब तक उस पर कोई जवाब नहीं आया. ग्रामीणों का आरोप है कि बिना जवाब दिए ही आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है, जिसके विरोध में वे धरने पर बैठे हैं. ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाएगा और उचित समाधान नहीं निकलेगा, तब तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा. वहीं, स्थिति को देखते हुए आज एनआरडीए द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किए जाने की संभावना भी जताई जा रही है.

## ट्रैक्टर-ट्रॉली और पिकअप की भिड़ंत में 5 लोगों की मौत

**भोपाल, १५ जनवरी ।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक वैन और ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह हादसा बुधवार देर रात जिले के बेरसिया इलाके में हुआ। ट्रैक्टर ट्रॉली में मकर संक्रांति के मौके पर नर्मदापुरम में पवित्र स्नान करके लौट रहे लोग सवार थे। बेरसिया पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर इंचार्ज विजेंद्र सेन ने बताया कि नर्मदापुरम जा रही एक पिकअप वैन और ट्रैक्टर ट्रॉली की आमने-सामने टक्कर हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। वैन में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें एक ही परिवार के तीन लोग शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान मुकेश अहिरवार (40), बाबरी बाई (60), दीपक (14), लक्ष्मी बाई (60) और हरि बाई (60) के रूप में हुई है, ये सभी सिरोंज के रहने वाले थे। दोनों गाड़ियों में सवार दस लोग, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं, घायल हो गए।

# मात्र एक रुपये में एक्स-रे सुविधा का विधायक रिकेश ने किया शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 जनवरी।** मकर संक्रांति के अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा क्षेत्र के रहवासियों के लिए मात्र एक रुपये में एक्स-रे सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति है, जो हमें जीवन के हर पहलू का आनंद लेने और हर चुनौती का सामना करने की शक्ति प्रदान करती है। इसी सोच के तहत वे लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को सहज और सुलभ रूप से आम नागरिकों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अंतर्गत वेंटिलेटर एम्बुलेंस, निःशुल्क ब्लड टेस्ट और अब एक रुपये में एक्स-रे जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विधायक कार्यालय, श्वेतांबर जैन मंदिर के सामने, जीरो रोड शांति नगर में आज से जरूरतमंद नागरिक फ्री ब्लड टेस्ट के साथ एक रुपये में एक्स-रे सुविधा का



लाभ ले सकेंगे। शुभारंभ अवसर पर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि विधायक कार्यालय में पहले से ही हेलमेट वितरण, कंबल बैंक, फिल्टर्ड पेयजल, श्री राम रसोई तथा निःशुल्क ब्लड टेस्ट जैसी जनहितकारी सेवाएं संचालित की जा रही हैं। अब वैशाली नगर विधानसभा के नागरिकों के लिए एक रुपये में एक्स-रे सुविधा भी प्रारंभ कर दी गई है। जरूरतमंद लोग विधायक कार्यालय से एक रुपये का टोकन प्राप्त कर एक्स-रे करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस सुविधा के सुचारू संचालन के लिए विधानसभा क्षेत्र के सभी पैथोलॉजी केंद्रों एवं कई निजी अस्पतालों के साथ अनुबंध किया गया है। विधायक सेन ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, तनाव से मुक्त रखता है और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है। इससे न केवल बीमारियों से बचाव होता है, बल्कि दीर्घकालिक रोगों का खतरा भी कम होता है, जिससे नागरिक एक स्वस्थ, सक्रिय और खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

## कुर्की दल ने की 1.28 लाख रुपये संपत्ति कर वसूली

**भिलाई, 15 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर गठित कुर्की दल द्वारा जोन-5 क्षेत्र के बकायेदारों से 1.28 लाख रुपये से अधिक की संपत्तिकर राशि वसूल की गई है। निगम आयुक्त ने शहर में संपत्ति कर की लंबित वसूली को प्रभावी बनाने के लिए कुर्की दल का गठन किया है। यह दल बकायादारों के स्थल पर पहुंचकर उनसे प्रत्यक्ष संपर्क कर रहा है। कुर्की दल के मौके पर पहुंचते ही अधिकांश भवन एवं भूमि स्वामियों द्वारा बकाया संपत्तिकर की राशि तत्काल जमा की जा रही है। बुधवार को कुर्की दल द्वारा कुल 1,28,282 रुपये की वसूली की गई। नगर पालिक निगम भिलाई ने शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बकाया संपत्तिकर की राशि शीघ्र निगम कोष में जमा करें। अन्यथा की स्थिति में संबंधित संपत्ति की कुर्की कर बकाया राशि की वसूली की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित भवन अथवा भूमि स्वामी की होगी।



## मकर संक्रांति पर सरपंच ने बच्चों को बांटे तिल्ली के लड्डू

**उतई, 15 जनवरी (तछसं.)।** ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच रवि सिंगौर ने मकर संक्रांति के अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ तीली लड्डू का दान कर त्योहार मनाया। इस अवसर पर तुलराम सिंगौर, पंच महेंद्र पारधी, पंच सांसद प्रतिनिधि मनहरण सिंगौर, कामता सिंगौर, छोटू यादव सहित अन्य लोग मौजुद रहे, जिन्होंने इस आयोजन में भाग लिया और बच्चों के साथ खुशी के पल बिताए।



## ईडी वर्क्स स्किल ट्रॉफी प्रतियोगिता के विजेता किए गए पुरस्कृत

**भिलाई, 15 जनवरी।** सेलद भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यपालक निदेशक संकार्य ट्रॉफी कार्य कौशल प्रतियोगिता 2025.26 का पुरस्कार वितरण समारोह 13 जनवरी को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार रहे। 11 विभिन्न ट्रेड में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने प्रतिभागियों से अर्जित कौशल को कार्यस्थल पर लागू करने और सहकर्मियों से साझा करने का आह्वान किया। अधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों के ज्ञान और दक्षता से ही सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन संभव है।

## एक नजर

### मंदिरों में चोरी, दो लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 15 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है इस मामले में एक महिला और एक बुजुर्ग पुरुष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपियों की करतूत के आधार पर छावनी थाने पुलिस ने कार्रवाई की पुलिस ने आरोपी रीना द्विवेदी (48 साल ) और बालमुकुंद सोनी (65 साल ) को गिरफ्तार किया है उनके कब्जे से कैंप-2, सर्कुलर मार्केट स्थित इच्छापूर्ति दुर्गा-गणेश मंदिर से चोरी किया गया चांदी का मुकुट, स्टील के बर्तन, लड्डू गोपाल की पीतल की मूर्ति और झूला-जुमला बरामद किया गया है जब्त सामान की अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपए बताई गई है मंदिर खुला, मौका पाकर उड़ाया सामान छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा ने बताया कि इच्छापूर्ति दुर्गा-गणेश मंदिर समिति के अध्यक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था मंदिर प्रतिदिन शाम 4 से रात 9 बजे तक खुला रहता है पुजारी भोला महाराज मंदिर खोलकर अपने कमरे में स्नान करने चले गए थे करीब दो घंटे बाद लौटने पर उन्होंने देखा कि मंदिर से कीमती सामान गायब है मुखबिरों से सफलता छावनी सीएसपी ने बताया कि विवेचना के दौरान घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। सूचना के आधार पर रिसाली, इस्पात नगर निवासी दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली, जिसके बाद चोरी गया पूरा सामान बरामद कर लिया गया ।

### कार हादसे में 1 की मौत,3 घायल

**भिलाई, 15 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई जामुल थाना अंतर्गत जामुल बोगदा पुलिया से कुछ दूरी पर तिवारी पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई घटना में कार सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं मृतक ने एक्सीडेंट से पहले अपने स्वर्गीय पिता को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर स्टेटस लगाया था। स्टेटस में लिखा था कि मिस यू पापा बहुत याद आ रही है आज आपकी आकर मुझे भी अपने साथ ले जाओ ना। पापा बहुत वक्त हुआ आपसे बात किए। इस स्टेटस कोसड़क हादसे में उसकी मौत हो गई जामुल पुलिस ने बताया कि घटना नंदिनी से जामुल रोड की है। जब कार में सवार होकर चार युवा नंदिनी से जामुल की ओर आ रहे थे। तेज रफ्तार कर रात्रि डेढ़ से 2 बजे के मध्य पहले सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकराई इसके बाद समीप घर की दीवार से टकराकर गड्ढे में जा गिरी। कर क्रमांक सीजी 10 एके 7522 को राहुल साहू चल रहा था। जैसे ही हादसा हुआ जोरदार आवाज आई इस से आसपास के घर के लोग बाहर निकल गए उन्होंने हादसा देखा और फैरन इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर डायल 112 की पुलिस पहुंची और घायलों को निकाल कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक का नाम प्रवीण कुमार ;35 वर्षद्ध निवासी सुपेला का रहने वाला बताया गया है। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं राहुल साहूए आकाश एवं प्रशांत मांडले को घायल अवस्था में बीएम शाह हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। फिलहाल घायलों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। बताया जाता है कि करीब तीन माह पूर्व किसी बीमारी से मृतक प्रवीण के पिता का निधन हुआ था। जामुल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।



### चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध, पर्यावरण संरक्षण मंडल की उपयोग न करने की अपील

**दुर्ग, 15 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के द्वारा 25 फरवरी 2017 को अधिसूचना जारी कर नायलोन, सिंथेटिक अथवा किसी भी प्रकार के धारदार पदार्थ युक्त धागे चाईनीज मांझा के उत्पादन, विक्रय, भंडारण, आपूर्ति एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। पर्यावरण संरक्षण मंडल से प्राप्त जानकारी अनुसार चाईनीज मांझे के कारण लगातार गंभीर दुर्घटनाओं की खबरें सामने आ रही हैं।

# जल जीवन मिशन से सतो बैगा के घर पहुंचा नल से जल,परिवार में दिखी खुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 15 जनवरी ।** जल जीवन मिशन से ग्रामीण इलाकों में लोगों का जीवन आसान हो गया है। इस योजना के तहत अब घर-घर नल से जल पहुँच रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों को पीने के पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता। पहले गांवों में पानी लाने के लिए लोगों को काफी दूर जाना पड़ता था। खासकर बुजुर्ग महिलाओं के लिए यह काम बहुत मुश्किल होता था। पानी लाने में समय और मेहनत दोनों लगते थे, जिससे घर के दूसरे काम भी प्रभावित होते थे और स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता था। जल जीवन मिशन की शुरुआत इन्हीं परेशानियों को दूर करने के लिए की गई। इस योजना का उद्देश्य सिर्फ पानी उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ग्रामीण लोगों का जीवन आसान और सम्मानजनक बनाना है। आज इस योजना से जिले के हजारों परिवारों को शुद्ध पेयजल



मिल रहा है।कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत खाम्ही की निवासी सतो बैगा भी इस योजना से बहुत लाभान्वित हुई हैं। वे बताती हैं कि पहले उन्हें पानी लाने के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। उम्र बढ़ने के साथ यह काम और भी कठिन हो गया था।सतो बैगा ने बताया कि पहले खाना बनाना, साफ-सफाई रखना और पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करना एक बड़ी समस्या थी। गर्मी और बारिश के मौसम में परेशानी और बढ़ जाती थी। लेकिन अब उनके घर में नल से जल के बाद ये सभी दिक्कतें खत्म हो गई हैं।अब उनके घर में हर समय साफ पानी उपलब्ध रहता है। उन्हें न तो दूर जाना पड़ता है और न ही किसी पर निर्भर रहना पड़ता है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और स्वास्थ्य भी पहले से बेहतर हुआ है। वे बताती हैं कि अब समय बचता है, जिसे वे अपने घर और आराम के लिए उपयोग कर पाती हैं। सतो बैगा का कहना है कि जल जीवन मिशन ने उन्हें सिर्फ पानी नहीं दिया, बल्कि चैन और सम्मान भरी जिंदगी भी दी है। अब पानी को लेकर रोज की चिंता पूरी तरह खत्म हो गई है। ऐसा देखकर कहा जा सकता है की कार्यपालन अभियंता डी एस राजपूत के मार्गदर्शन में और एसडीओ गोपाल ठाकुर की मॉनिटरिंग में ग्रामीणों को अच्छे से पानी मिल रही है ।

## पुलिस ने बस्ती में जांच की

**भिलाई, 15 जनवरी।** पुरानी भिलाई क्षेत्र में बुधवार तड़के एक विशेष टीम अलसुबह शीतलापारा हथखोज और रेलवे पटरी के आसपास की बस्तियों में पहुंची, जहां संदिग्ध गतिविधियों और निगरानी बदमाशों की मौजूदगी की जांच की गई अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए फिंगरप्रिंट लिए गए और मौके पर ही सत्यापन की प्रक्रिया अपनाई सुबह 5 बजे से शुरू हुई कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि यह अभियान सुबह पांच बजे शुरू किया गया छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा के के नेतृत्व में पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के शीतलापारा हथखोज के पीछे स्थित बस्तियों और रेलवे लाइन किनारे छिपकर रह रहे बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहन तलाशी ली गई। इस दौरान विशेष रूप से अवैध हथियार रखने वालों, नशे की सामग्री का संग्रह या बिक्री करने वालों पर फोकस किया गया



## स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता में ओमवीर प्रथम

**भिलाई, 15 जनवरी।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेडए मध्यम व्यवसाय कार्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के अवसर पर नराकास स्तरीय स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा राजीव कुमार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव, नराकास रवि पाठक ने की। प्रतियोगिता के निर्णायक थे भारत वेदए जितेन्द्र दास मानिकपुरी तथा डॉण् अजय आर्य। प्रतियोगिता के पुरस्कार विजेता इस प्रकार रहे । प्रथम ओमवीर करनए द्वितीय. अनिल कुमार अग्रवाल, तृतीय डॉ.ऋषि रंजन सिंह। सांत्वना पुरस्कार विजेता सुश्री गरिमा चन्द्रा, प्रदीप कुमारए सुश्री नूपुर बिस्वास, अनिल कुमार द्विवेदी, संजीव कुमार ने प्राप्त किया। संचालन हिंदी अधिकारी अजिताभ कुमार तथा आभार प्रदर्शन सुश्री नूपुर बिस्वास ने किया।

# कांग्रेस सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए फैला रही भ्रम : कीर्ति नायक

**पाटन,15 जनवरी।** जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कांग्रेस नेताओं व सदस्यों द्वारा लगाए गए उन आरोपों का खंडन किया है, जिनमें कहा गया था कि जनपद अध्यक्ष और सीईओ के बीच मनमुटाव के कारण पिछले तीन महीनों से सामान्य सभा की बैठकें नहीं हो रहीं हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक ने स्पष्ट किया कि सामान्य सभा की बैठकों को लेकर कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम पूरी तरह तथ्यहीन और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। कांग्रेस अपनी गिरती हुई लोकप्रियता को बचाने के लिए सस्ती राजनीति कर रही है। वास्तविकता यह है कि जनपद पंचायत पाटन की सामान्य सभा की बैठकें नियमित रूप से आयोजित होती रही हैं।



उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को सामान्य सभा की अंतिम बैठक आयोजित की गई थी तथा उससे पूर्व भी बैठकें नियमित रूप से होती रही हैं। दिसंबर माह में बैठक आयोजित न हो पाने का कारण पूरी तरह प्रशासनिक रहा। जनपद पंचायत के सीईओ को एसईआर का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था और विभाग के अधिकांश अधिकारी इस कार्य में संलग्न थे, जिसके कारण दिसंबर माह की बैठक नहीं हो सकी। अध्यक्ष नायक ने कहा कि एसआइआर अत्यंत आवश्यक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। इसी कारण पूरा प्रशासनिक अमला इस कार्य में जुटा रहा। उन्होंने आगे कहा कि जनपद पंचायत की बैठकों में विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति, जनसमस्याओं तथा प्रशासनिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाती है। दिसंबर माह में बैठक नहीं हो पाने का कारण पूरी तरह स्पष्ट और प्रशासनिक था। आगामी दिनों में शीघ्र ही सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी एजेंडों पर बिंदुवार चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास बनाम भ्रम की राजनीति में भाजपा पूरी मजबूती से जनता के साथ खड़ी है, जबकि कांग्रेस केवल सुर्खियां बटोरने की कोशिश कर रही है।

# पीएम आवास योजना से हितग्राहियों को मिला पक्का मकान



**भिलाई, 15 जनवरी।** शासन के मंशानुसार नागरिकों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार कक्ष में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास आबंटन हेतु लॉटरी का आयोजन किया गया। लॉटरी प्रक्रिया वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद हरिओम तिवारी एवं अधीक्षण अभियंता सह नोडल अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुई। नगर निगम क्षेत्र में निवासरत ऐसे नागरिक, जिनके पास भारत में कहीं भी स्वयं का पक्का मकान नहीं है, उन्हें शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए पात्र नागरिक नगर निगम भिलाई की आवास शाखा में नियमानुसार आवेदन करते हैं। प्राप्त आवेदनों की सक्षम स्तर पर स्वीकृति के पश्चात आवास आबंटन हेतु लॉटरी का आयोजन किया जाता है। बुधवार को आयोजित लॉटरी के माध्यम से कुल 60 पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटित किए गए। लॉटरी में जिस ब्लॉक एवं मकान नंबर का चयन हुआ, वही संबंधित हितग्राही को आबंटित किया गया। आवास आबंटन के पश्चात सभी हितग्राही अत्यंत प्रसन्न नजर आए और शासन एवं नगर निगम का आभार व्यक्त किया। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान उप अभियंता दीपक देवांगन, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, जी. मोहन राव सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस समारोह 17 तक युवाओं को मिलेगा उद्यमिता का मंच

**भिलाई, 15 जनवरी।** 10वें राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस समारोह का आयोजन 15 से 17 जनवरी तक शासकीय वी.वाई.टी. पी जी स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में किया जाएगा। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन 15 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे किया जाएगा। दुर्ग प्रशासन का उद्देश्य जिले में स्टार्टअप संस्कृति को सुदृढ़ करना, युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना तथा स्थानीय नवाचारों को बाजार से जोड़ना है। यह तीन दिवसीय आयोजन इसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जो जिले के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई दिशा प्रदान करेगा। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण स्टार्टअप प्रदर्शनी होगी, जिसका आयोजन 15 एवं 16 जनवरी को प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक शासकीय वी.वाई.टी. पीजी स्वशासी महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। प्रदर्शनी में विभिन्न स्टार्टअप अपने उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे। नागरिकों को स्टार्टअप संस्थापकों से सीधे संवाद करने, उनके नवाचारों को समझने तथा उत्पादों की खरीद का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी में उपयोगी घरेलू वस्तुएं, आकर्षक होम डेकोर, विविध खाद्य उत्पाद, इलेक्ट्रिक वाहन से जुड़े नवाचार तथा सौंदर्य एवं पर्सनल केयर उत्पाद शामिल रहेंगे। 15 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे से 5 बजे तक इंडस्ट्री मीट एवं सफल उद्यमियों के साथ ओपन सेशन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रतिष्ठित उद्यमी अपने अनुभव साझा करेंगे और युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। 16 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस का औपचारिक समारोह आयोजित होगा, जिसमें स्टार्टअप संस्कृति एवं नवाचार पर केंद्रित विशेष गतिविधियां होंगी। वहीं 17 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक उद्यमिता यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा, जिसका उद्देश्य जिले में उद्यमिता की सोच को जन-जन तक पहुंचाना है।

# सुपेला संडे बाजार हटाने के लिए लोगों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



**भिलाई, 15 जनवरी।** जनहित संघर्ष समिति की संयोजक शारदा गुप्ता ने कहा कि सुपेला क्षेत्र में बीच सड़क पर लगने वाला संडे बाजार पूर्व में अथक प्रयासों से हटाया गया था, लेकिन अब स्थिति फिर से ज्यों की त्यों हो गई है। संडे बाजार और शराब दुकान के कारण रोजाना जाम की गंभीर समस्या बनी रहती है। 100 फीट चौड़ी सड़क अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के चलते मात्र 10 फीट में सिमट जाती है, जबकि इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं।

सुपेला चौक से राजेंद्र प्रसाद चौक तक लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। ग्राहक सड़क पर ही वाहन खड़े कर देते हैं और फल-सब्जी के ठेले भी सड़क पर लगे रहते हैं, जिससे आवागमन लगभग ठप हो जाता है। यह मार्ग पटरी पार क्षेत्र के लोगों के लिए एकमात्र रास्ता है, जिससे आईआईटी, रुंगटा कॉलेज, औद्योगिक संयंत्रों के कर्मी तथा ट्यूशन जाने वाले बच्चों का आना-जाना होता है। इसी मार्ग पर शराब दुकान होने से महिलाओं का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। शारदा गुप्ता ने बताया कि इस सड़क पर फ्लाईओवर की मांग की गई थी, लेकिन प्रशासन ने अंडरब्रिज को प्राथमिकता दी। रोजाना जाम से लोग परेशान हैं, जबकि वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है और सड़क सिकुड़ती जा रही है। जनहित संघर्ष समिति ने इस समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री, सांसद एवं विधायक को पत्र लिखकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# शासकीय प्राथमिक शाला में मनाया मकर संक्रांति पर्व

**भिलाई, 15 जनवरी।** शिव जी अर्पण सेवा समिति द्वारा 14 जनवरी को शासकीय प्राथमिक शाला, मुक्तिधाम, रामनगर में मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समिति के सदस्यों ने विद्यालय के बच्चों के साथ इस पारंपरिक पर्व की खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर बच्चों को पतंगें, धागे तथा मूंगफली-गुड़ के लड्डू (फली-गुड़) वितरित किए गए एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं।

बच्चों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। समिति के सदस्यों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने तथा उन्हें अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने की दिशा में शिव जी अर्पण सेवा समिति का एक सराहनीय और सफल प्रयास रहा।



# राज्य सीनियर चैंपियनशिप में भिलाई-चरोदा नगर निगम की टीम प्रथम



**भिलाई, 15 जनवरी।** 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर चैंपियनशिप में भिलाई-चरोदा नगर निगम की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने विजेता टीम के खिलाड़ियों एवं कोचिंग स्टाफ से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना ने यह सफलता दिलाई है, जो युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज कुरैशी, अनिल चौधरी, सोम सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह सफलता अर्जित करने की कामना की।

## निधनः

### तुलसी राम साहू



**उतई।** तुलसी राम साहू ग्राम जंजगीरी निवासी उम्र 90 साल का आज आकस्मिक स्वर्गवास 15. 1.26 को हो गया है जो खम्भन साहू के पिता रामकुमार सालिक के दादा जी थे जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई लोहड़ी, विधायक अंबिका मरकाम रहीं विशेष अतिथि





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 15 जनवरी।** नगर में लोहड़ी पर्व इस वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर विशेष सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। लोहड़ी पर्व के विशेष कार्यक्रम में क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक अंबिका मरकाम मुख्य रूप से शामिल हुईं। उन्होंने नगर स्थित गुरुद्वारे में पहुंचकर श्रद्धा भाव से मत्था टेका तथा सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात विधायक अंबिका मरकाम ने गुरुद्वारे में आयोजित लंगर में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और सेवा भावना का परिचय दिया।

इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित नगरवासियों को लोहड़ी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहड़ी पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं और हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के दौरान नगरपंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, सिंधी समाज के अध्यक्ष अनिल वाधवानी, शंकर पंजाबी, सुरजीत खनूजा, जसपाल खनूजा, गिरधर टहलवानी, राकेश नारंग, जसवंत सिंह खनूजा, नीलू छैदईया प्रवीण सिंह मरकाम मनोज पटेल सहित बड़ी संख्या में सिख समाज एवं सिंधी समाज के लोग एवं नगरवासी उपस्थित रहे।और एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं।

## समाचार संक्षेप

### राष्ट्रीय शालेय अंडर-14 शतरंज स्पर्धा के लिए लक्षिता का चयन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 15 जनवरी।** 69 वी अंडर 14 बालक बालिका राष्ट्रीय शालेय शतरंज स्पर्धा झारखंड राज्य के रांची शहर में 13 जनवरी से 17 जनवरी तक आयोजित की गई है, जिसमे बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व डोंगरगढ़ संस्कार पब्लिक स्कूल की प्रतिभाशाली कक्षा सातवीं की मेधावी छात्रा कु लक्षिता राठी चयनित खिलाड़ी के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश का नेतृत्व शतरंज खेल में बालिका अंडर 14 वर्ग में कर रही है, लक्षिता राठी डोंगरगढ़ की एक मात्र अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त शतरंज खिलाडी है जिनकी अंतर्राष्ट्रीय शतरंज रेटिंग 1550 हैं, इस से पहले भी वह शतरंज खेल में महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, मध्य प्रदेश, में शतरंज खेल में अपना कौशल दिखा चुकी है....पढ़ाई में भी शुरू से अव्वल रहने वाली 14 वर्षीय कु. लक्षिता राठी शतरंज खेल में भी छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रौशन निरंतर कर रही है उनकी उपलब्धियों का श्रेय इनके माता पिता, अभिवावक गण, स्कूल के गुरुजनो, वा शतरंज प्रशिक्षक को जा ता है, एन. आर. सी. ए.शतरंज संस्था ने लक्षिता राठी वा उनके अभिवावको को शुभकामनाएं दी वा उज्ज्वल भविष्य की कामना की है, उक्त जानकारी संस्था के सचिव मोहम्मद शहरयार ने दी है।

## एक नजर

### कोविड महामारी के दौरान कार्य करने वाले अभ्यर्थियों को मिलेगा अनुभव प्रमाणपत्र

**बलौदाबाजार, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोविड वैश्विक महामारी के दौरान शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एक वर्ष में 6 माह का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र हेतु व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यार्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यापम द्वारा आयोजित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा में शामिल ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त होकर कार्य किया है उन्हें एक वर्ष में 6 माह का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थी संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को 29 जनवरी 2026 तक अनुभव प्रमाण पत्र हेतु केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालयीन समय में जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।

### तिल्दा नेवरा तिल्दा ग्रामीण से बलदाऊ साहू पुनः ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त





**तिल्दा-नेवरा, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन को मजबूत करने की दिशा में ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी की गई है। इस सूची में तिल्दा ब्लॉक शहर से अजितेश शर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि तिल्दा ग्रामीण से बलदाऊ साहू पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें पुनः ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व के इस निर्णय से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कांग्रेसजनों ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को बधाई देते हुए इसे संगठनात्मक मजबूती की दिशा में अहम कदम बताया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि अजितेश शर्मा और बलदाऊ साहू के नेतृत्व में पार्टी जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय होगी तथा आम जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### परसुल से वारकर चोट पहुंचाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 13 जनवरी को ग्राम गिर्रा में आरोपी



खिलेंद्र साहू द्वारा किए गए अवैध अधिक्रमण को ग्राम पंचायत द्वारा हटवाया जा रहा था, जिस पर आरोपी द्वारा प्रार्थी हेमंत कुमार वर्मा को रंजिशवश महामाया चौक ग्राम गिर्रा में अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे के धारदार परसुल से घातक वारकर चोट पहुंचाया है। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 23/2026 धारा 296, 351(2), 115(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी खिलेंद्र साहू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अतिक्रमण कर, बनाए गए तार जाली एवं शौचालय को तुड़वाने पर क्षुब्ध होकर लोहे के धारदार परसुल से प्रार्थी पर हमला करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 14.01.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय अंबागढ़ चौकी में एक और छात्रा ने की आत्महत्या की कोशिश

# छात्रा क्यों मारना चाहती है अपने आप को मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं अफसर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 15 जनवरी।** -होनहार आदिवासी छात्रा आत्महत्या करने को क्यों हो रही है मजबूर, शोषण, अत्याचार, जातिगत प्रताड़ना आदि संवेदनशील मामला उजागर होने के बावजूद अफसर मामले को दफन करने में जुटे हुए हैं इधर आज फिर एक बार अंबागढ़ चौकी में संचालित केंद्रीय एकलव्य आवासीय विद्यालय मे गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है। बुधवार शाम 5 बजे के लगभग विद्यालय में ग्यारहवीं कक्षा में अध्ययनरत एक और 16 वर्षीय आदिवासी छात्रा ने फिनायल पीकर अपने आप को मारने का प्रयास किया है। यह छठवें दिन में आत्महत्या के प्रयास का दूसरा मामला है, जिसने विद्यालय प्रशासन, निगरानी तंत्र और आदिवासी छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना के तुरंत बाद छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अंबागढ़ चौकी लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। बीएमओ डॉ. ध्रुवे ने पुष्टि की है कि छात्रा खतरे से बाहर है बेहतर इलाज के लिए राजनांदगांव भेजा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना




ऐसे समय पर हुई है जब आवासीय विद्यालय एकलव्य में अध्यनरत मोहला थाना क्षेत्र के एक छात्रा के द्वारा बीते गुरुवार को अध्यापन समय में आत्महत्या का प्रयास किया गया इसके अलावा छात्रों को छोटी मोटी गलती पर नंगा करके क्रिकेट स्टंप टूटते तक मारने, हीन भावना और हैवानियत की प्रकाष्ठा पार कर देने को लेकर मामला उजागर होने के बाद कलेक्टर तूलिका प्रजापति के निर्देश में प्रशासन द्वारा गठित जांच टीम सोमवार को विद्यालय पहुंची थी। जांच टीम अभी इस संवेदनशील मामले में एक कदम भी जांच करवाई को आगे नहीं बढ़ा पाई है कि यह दूसरी बड़ी घटना सामने आई है।

**मामले को दबाने हर संभव प्रयास**-एकलव्य आवासीय विद्यालय के चार दिवारी के भीतर आदिवासी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के साथ बेहद संवेदनशील और गंभीर मामले उजागर हो रहे हैं पूरे मामले को स्कूल परिसर के भीतर दबाए जाने को लेकर सहायक आयुक्त संजय कुर्रे की भूमिका में लगातार एकलव्य प्रशासन सच्चाई को सामने आने नहीं दे रहा है।

**शिकायत बयान की फाइल हुई गायब**-बीते माह विद्यालय में अध्यनरत नाबालिक आदिवासी छात्रो को हीन भावना से देखे जाने और हैवानियत की प्रकाष्ठा पार करने का मामला उजागर हुआ है। आदिवासी छात्र-छात्राओं के लिए स्थापित अति संवेदनशील संस्था केंद्रीय आवासीय विद्यालय एकलव्य के चार दीवारी के भीतर विगत कई दिनों से छात्रों के साथ अमानवीय घटना घटित हो रही है जिसकी लिखीत शिकायत और बयान मासूम छात्रों ने हॉस्टल वार्डन, प्राचार्य तथा सहायक आयुक्त संजय कुर्रे को दिया एक्शन लेने के बजाय शिकायत की पूरी फाइल सहायक आयुक्त कार्यालय से गायब होने की सूचना मिल रही है।

**मामले में कांग्रेस बीजेपी एक साथ**-दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आदिवासी होनहार छात्र-छात्राओं के मामले में विधायक इंद्र शाह मडावी जिला पंचायत सदस्य नम्रता सिंह ने प्रशासनिक स्तर पर बच्चों को काउंसलिंग फिजिकल चेकअप करने के साथ-साथ तत्काल एक्शन लेते हुए बाल संरक्षण विभाग, महिला बाल विकास पुलिस, स्थानीय प्रशासन की संयुक्त जांच टीम से संपूर्ण मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

*एकलव्य आवासीय परिसर में फिर एक नाबालिक छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया है एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी घटना है पूरे मामले की स्थानीय स्तर पर जांच की जा रही है।*

***-हेमेंद्र भुआर्य एसडीएम मोहला***

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों से पुलिस ने वसूला दस हजार रुपएका जुर्माना

**बलौदाबाजार, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है, जिसके तहत चेकिंग अभियान में चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 01 वाहन चालक को शराब पीकर, वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा प्रकरण में चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, उसका वाहन विधिवत जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें 14 जनवरी को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाहन चालक टीकाराम श्रीवास निवासी ग्राम झींगरपुर थाना कोटा को 10, 000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।



## बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़ व आगजनी के प्रकरण में अमित बघेल किए गए गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 15 जनवरी।** 14 जनवरी को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी प्रमुख एवं प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अमित बघेल को बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना के संबंध में थाना सिटी कोतवाली में पंजीबध्द अपराध क्रमांक 378/2024 के मामले में गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण की विस्तृत जांच, तकनीकी विश्लेषण, फॉरेंसिक साक्ष्य के आधार पर अमित बघेल का प्रकरण में संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य पाए गए है। प्रकरण की जांच एवं विवेचना क्रम में फॉरेंसिक साक्ष्य एवं अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर आगजनी की घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर, पुलिस द्वारा उनकी शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास लगातार किया जा रहे हैं।

पूर्व में भी दिनांक 11.01.2026 को उक्त मामले में संलिप्त छत्तीसगढ़ क्रांति सेना एवं जोहार पार्टी से अजय यादव एवं दिनेश कुमार वर्मा उर्फ मंडल को भी गिरफ्तार किया गया था। आगजनी की घटना में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में पहचान कर, गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

प्रकरण की विवेचना एवं जांच क्रम में पुलिस द्वारा अब तक लगभग 100 की संख्या में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जप्त किया गया है, जिनकी फोरेंसिक जांच करवाई भी अभी जारी है। आरोपी अमित बघेल को मिलाकर बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़ एवं आगजनी प्रकरण में अब तक कुल 199 आरोपियों को गिरफ्तारी की गई है। अमित बघेल पिता रामकुमार बघेल उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम पथरी थाना धरसीवा, वर्तमान निवासी कंचन गंगा फेस-02 सरस्वती शिशु मंदिर के पास थाना डीडी नगर रायपुर जिला रायपुर है।

### अजितेश शर्मा को तिल्दा शहर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 15 जनवरी।** तिल्दा नेवरा कांग्रेस में ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्ति से तिल्दा में कांग्रेस संगठन ने अजितेश शर्मा को तिल्दा शहर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति के पीछे वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी संगठन में उनके मार्गदर्शन और सक्रिय प्रयासों के चलते यह निर्णय संभव हो पाया।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, शैलेश नितिन त्रिवेदी लंबे समय से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने, युवाओं को संगठन से जोड़ने और अनुभवी नेतृत्व को आगे बढ़ाने में उनकी रणनीतिक भूमिका रही है। इसी कड़ी में अजितेश शर्मा को शहर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई, जिससे तिल्दा शहर कांग्रेस को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अजितेश शर्मा ने वरिष्ठ नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, शैलेश नितिन त्रिवेदी के आशीर्वाद, मार्गदर्शन और विश्वास के कारण ही मैं आज इस मुकाम तक पहुंच सका हूं। संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाऊंगा।

अजितेश शर्मा की ताजपोशी के बाद तिल्दा शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी नेताओं का मानना है कि शैलेश नितिन त्रिवेदी के अनुभव और मार्गदर्शन तथा अजितेश शर्मा के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा और आने वाले समय में कांग्रेस को इसका राजनीतिक लाभ मिलेगा। नवनियुक्त शहर अध्यक्ष को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

### जल जीवन मिशन अंतर्गत 'जल अर्पण दिवस' का आयोजन

■ जल संरक्षण एवं स्वच्छ पेयजल के प्रति ग्रामीणों को किया गया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 जनवरी।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विकासखंड बलौदाबाजार में जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत सेम्हाराडीह में 'जल अर्पण दिवस' का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण, सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं, स्व-सहायता समूह की सदस्यों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों की स्वच्छता तथा जल का विवेकपूर्ण उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।सरपंच प्रमिला वर्मा ने कहा कि जल अर्पण दिवस हमारे गाँव के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे हमें अपनी जल आपूर्ति व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वयं लेने का अवसर मिला है। जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक सुरक्षित पेयजल पहुँचाना तभी संभव है जब हम सभी मिलकर जल संरक्षण, रखरखाव और सही उपयोग के लिए सतत प्रयास करेंगे। जिला समन्वयक मनोज कुमार राठौड़ एवं राजकुमार कोसले ने जल जीवन मिशन एवं जल संरक्षण पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ग्राम जल स्वच्छता समिति के उपाध्यक्ष लोकेश्वरी साहू, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।




### नगरी जनपद में कलेक्टर मिश्रा ने एआरईओ एवं पटवारियों की बैठक लेकर धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा की

**नगरी, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जनपद पंचायत नगरी के सभाकक्ष में एआरईओ एवं पटवारियों की संयुक्त बैठक लेकर समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक का उद्देश्य जिले में धान खरीदी कार्य को पारदर्शी, सुचारु एवं किसान हितैषी ढंग से संपादित करना रहा। कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धान उपार्जन शासन की प्राथमिकता वाला कार्य है, अतः इसे पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के पंजीयन, रकबा सत्यापन, तौल एवं परिवहन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सभी कार्य निर्धारित मापदंडों एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने पटवारियों को समय पर सभी आवश्यक प्रविष्टियां पूर्ण करने तथा अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। वहीं एआरईओ को फील्ड स्तर पर सतत निगरानी रखने, समितियों के कार्यों का नियमित निरीक्षण करने और किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को देने के लिए कहा।

### जनपद पंचायत आरंग में विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद का आयोजन

# विभिन्न खेलों में गांवों की महिलाओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर, 15 जनवरी।** मंगलवार। जनपद पंचायत आरंग विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक शाला रीवा में आयोजित हुई। जिसमें आरंग विकासखंड के विभिन्न गांव की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के दौरान रास्ता खींच प्रतियोगिता तब अत्यधिक रोमांचक हो गया, जब जिस शाला प्रांगण में सारी प्रतियोगिताएं आयोजित थी वहां की शिक्षिकाएं मैदान में उतरी।






जहां उन्होंने भान सोज, कुकरा, रीवा आदि जगहों से आई हुई ग्रामीण महिलाओं को पछाड़ते हुए लगातार चार मैच में हराकर शानदार विजय हासिल की और शाला के सभी विद्यार्थियों के समक्ष मजबूत दृढ़ इच्छा शक्ति और आत्म बल के उदाहरण को प्रस्तुत किया।

यह वह खूबसूरत समय था जब मैदान में सैकड़ों बच्चे अपनी मैडम लोगों का उत्साह वर्धन कर रहे थे और प्रोत्साहित कर रहे थे।

कार्यक्रम मुख्य अतिथि वतन चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, आरंग विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा शाला के प्राचार्य आर पी चंद्राकर सरपंच घसीया राम साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, एवं गांव के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शाला के व्यायाम शिक्षक अमित चंद्राकर के साथ-साथ आरंग विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के व्यायाम शिक्षकों द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। संस्था प्रमुख चंद्राकर जी ने सहयोगी शिक्षिकाओं के शक्ति प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए बधाई दी।

शाला की व्याख्याता शजिन्ता शुक्ला ने बताया की रास्सा खींच प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से मनिका दत्ता, बसंती बंजारे, तरन्नुम खान, कविता सोनवानी, वर्षा द्विवेदी, श्यामा रातें, तृप्ति वर्मा एवं नीलम साहू ने प्रतियोगिता में अपनी प्रमुख भूमिकाएं निभाई।

## ट्रंप विश्व के लिए बुरे मिसाल पेश कर रहे

पूर्व की मान्यता है कि जो भी किसी भी तरह से बड़ा है,शक्तिशाली है उसे अच्छे उदाहरण पेश करने चाहिए जिससे छोटों को भी वैसा करने की प्रेरणा मिले और परिवार से लेकर विश्व स्तर पर मनुष्य अपने अपने देशों में शांति से मिलजुलकर रहे और विश्व में समरसता व सद्भाव बना रहे। कोई व्यक्ति या देश का राष्ट्रपति या पीएम सबसे शक्तिशाली है तो उसे अपने से छोटे देशों की रक्षा करने की मिसाल पेश करनी चाहिए। इससे छोटे देश अपने से छोटे देशों की रक्षा करने के लिए प्रेरित होंगे। यह बात तो हमेशा से मानी जाती रही है कि बड़े जो करते हैं, उसे छोटे करणीय मानकर करते हैं यानी करने योग्य है सोचकर,मानकर करते हैं। विश्व में अमरीका की भूमिका मोटे तौर पर शांति को बनाए रखने,छोटे देशों की रक्षा करने, मदद करने की रही है। नाटो के जरिए अमरीका छोटे देशों की रक्षा करता भी रहा है। विश्व शांति के नाम पर छोटे देशों में सैन्य हस्तक्षेप भी करता रहा है। वह एक तरह से विश्व शांति का खुद को ठेकेदार समझता था और जो कुछ करता था उसे विश्व हित में बताता भी था। जब तक सोवियत संघ रहा अमरीका के कदमों का विरोध होता रहा लेकिन सोवियत संघ के विघटन के बाद अमरीका को तगड़ा विरोध करने वाला कोई देश नहीं बचा, रूस होने को है लेकिन वह सोवियत संघ की तरह मजबूत नहीं है, उसे अब बहुत से देशों का समर्थन भी हासिल नहीं है, इसलिए अब सोवियत संघ चीन के साथ मिलकर अमरीका की मनमानी का मौखिक विरोध तो करता है लेकिन जमीन पर वह कुछ कर नहीं पाता है। ईरान पर अमरीका ने परमाणु बम के नाम पर हमला किया तो रूस व चीन सक्रिय रूप से ईरान की कोई मदद नहीं कर सके। अब अमरीका ईरान में सत्ता बदलने की कोशिश में वहीं हिंसक प्रदर्शन कर रहे लोगों का समर्थन कर रहा है। चीन व रूस कुछ कर नहीं पा रहे हैं। इसी तरह हाल ही में अमरीका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति को पकड़कर अपने यहां ले आया और उन पर अमरीकी कानून के मुताबिक मामला कोर्ट में चल रहा है, रूस व चीन ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति को छोड़ने को कहा है लेकिन अमरीका ने उनकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया और वेनेजुएला का राष्ट्रपति अमरीका जेल में बेद है और माना जा रहा है कि उनको अमरीका के खिलाफ साजिश करने के मामले में सजा सुनाई जाएगी और जेल में डाल दिया जाएगा, अमरीका पहले भी ऐसा कर चुका है, उसका विरोध उस वक्त काम नहीं आया था तो इस वक्त वेनेजुएला के राष्ट्रपति को जेल में रखने का कितना भी विरोध किया जाए, अमरीका पर कोई असर शायद ही पड़े। हाल ही में अमरीका के राष्ट्रपति का बयान आया है कि वह अब वेनेजुएला का राष्ट्रपति हैं और वहां के विषय में कोई भी फैसला वही करेंगे। यह भी एक बुरी मिसाल है, यदि ट्रंप की तरह विश्व के बड़े देश भी अपने आसपास के छोटे देशों में इसी तरह कब्जा करने लगे तो विश्व व्यवस्था का क्या हाल होगा, सोचा जा सकता है। ट्रंप इसे सही मान रहे हैं तो दूसरे देश ऐसा करेंगे तो ट्रंप व अमरीका उसे गलत कैसे ठहरा सकेंगे। ऐसा तो हो नहीं सकता कि वही काम अमरीका करे तो ठीक और रूस व चीन करें तो गलत। जो काम अमरीका के लिए सही है, वही काम चीन व रूस भी अपने लिए सही मान सकते हैं और कर भी सकते हैं।अमरीका वेनेजुएला में बुरी मिसाल पेश करने के बाद रुका नहीं है अब वह ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की तैयारी कर रहा है। वह मौखिक तो कई बार कह चुका है कि ग्रीनलैंड को 51 वां राज्य बनाना चाहता है, इसके लिए अमरीकी सांसद रैंडी फाइन ने वहां की संसद में नया बिल पेश किया है जिसका नाम ग्रीनलैंड एक्सपेंशन एंड स्टेट हूड एक्ट। यह बिल पास होता है तो अमरीका को ग्रीनलैंड को अपना 51 वां राज्य बनाने का अधिकार मिल जाएगा। यह ट्रंप की एक और बुरी मिसाल है कि वह अपने देश में कोई कानून बनाकर किसी भी पड़ोसी देश को अमरीकी में मिला सकते हैं भले ही उस देश के लोग यह न चाहते हों। ऐसे में तो पूरी दुनिया में सारे बड़े देश अपने यहां कानून बनाकर अपने पास पड़ोस के छोटे देशों या उनके किसी बड़े हिस्से पर कानूनन कब्जा कर सकते हैं। ऐसे में छोटे देशों का कोई अस्तित्व नहीं रह जाएगा। बड़े व शक्तिशाली देश रह जाएंगे। पूरे विश्व में जो शक्तिशाली होगा उसका ही अस्तित्व रहेगा। उसका शासन ही चलेगा। यह तो विश्व शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा है लेकिन इसका विश्व में खुलकर विरोध न होना और भी चिंता की बात है।

बढ़ते स्टार्टअप

# नवाचार, समावेशन और भारत की प्रगति को गति देते हैं स्टार्टअप

**श्री पीयूष गोयल**



स्टार्टअप इंडिया पहल पूरे देश में एक समग्र और नई सोच वाले इकोसिस्टम के रूप में विकसित हुई है। यह युवाओं की उद्यमशील ऊर्जा को रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को तेज करने की दिशा में लगाकर, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के मिशन को साकार करने का मार्ग तैयार कर रही है। भारत में आज दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक मौजूद है। आज उद्यमिता एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन चुकी है, जो भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दे रही है और विकास व रोजगार सृजन का नया इंजन बन रही है। यह परिवर्तन रातोंरात नहीं हुआ। जब प्रधानमंत्री ने 2015 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से स्टार्टअप इंडिया की घोषणा की, तब उन्होंने एक स्पष्ट और महत्वाकांक्षी दृष्टि रखी कि उद्यमिता देश के हर जिले और हर ब्लॉक तक पहुंचे। 16 जनवरी 2016 को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की ओर से शुरू किए जाने के बाद से स्टार्टअप इंडिया ने लंबा सफर तय किया है। स्टार्टअप देश की अर्थव्यवस्था के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नई ऊर्जा भर रहे हैं। आईटी सेवाएं, स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान, शिक्षा, कृषि और निर्माण जैसे क्षेत्रों में सबसे अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं। इसके अलावा, जलवायु तकनीक और अवसंरचना सहित 50 से अधिक अन्य उद्योगों में भी नए उद्यम सामने आए हैं। यह व्यापकता विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और मजबूती को दर्शाती है, खासकर उन क्षेत्रों में जो राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। नवाचार और एआईः पिछले एक दशक में एक बड़ा बदलाव नवाचार और गहन तकनीक पर बढ़ते ध्यान के रूप में देखा गया है। वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत की रैंक 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर पिछले वर्ष 38वें स्थान पर पहुँच गई है, और गहन तकनीक से जुड़े स्टार्टअप्स को सरकार का समर्थन इसे आगे और बेहतर करेगा। प्रधानमंत्री की डिजिटल इंडिया पहल के आधार पर एआई स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। गहन तकनीक वाला राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के तहत अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की गई है, तथा इंडिया एआई मिशन और रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन योजना की शुरुआत की गई है। भारत के स्टार्टअप एयरोनॉटिक्स, एयरोस्पेस और रक्षा, रोबोटिक्स, हरित तकनीक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में भी नवाचार कर रहे हैं। बौद्धिक संपदा के निर्माण में तेज़ वृद्धि इस प्रवृत्ति को और मजबूत करती है। भारतीय स्टार्टअप्स ने 16,400 से अधिक नए पेटेंट आवेदन दाखिल किए हैं, जो मौलिक नवाचार, दीर्घकालिक मूल्य सृजन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर बढ़ते फोकस को दर्शाता है। अखिल भारतीय विकासः उद्यमिता को देशभर में मिल रहा समर्थन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वर्ष 2016 में केवल चार राज्यों में स्टार्टअप नीतियां थीं, जबकि आज भारत के 30 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष स्टार्टअप ढांचे मौजूद हैं। अब हर राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं, जो संस्थागत समर्थन की मजबूती और जमीनी स्तर की भागीदारी को दर्शाता है। अब तक 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता दी जा चुकी है, जो नीति-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र के एक दशक के सतत विकास को दर्शाता है। केवल 2025 में ही 49,400 से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता मिली, जो स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत के बाद सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि है। समावेशन इस पूरी यात्रा की एक मजबूत आधारशिला रहा है। महिला नेतृत्व वाले उद्यम एक बड़ी ताकत बनकर उभरे हैं, जहां 45 प्रतिशत से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक है। इसके अलावा, लगभग आधे स्टार्टअप गैर-मेट्रो शहरों में स्थित हैं, जो नवाचार और रोजगार के नए केंद्र के रूप में टियर-2 और टियर-3 शहरों की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। लोकल से ग्लोबलः जैसे-जैसे भारतीय स्टार्टअप्स का विस्तार हो रहा है, पूरी दुनिया उनके लिए बाज़ार बनती जा रही है। वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देने के लिए स्टार्टअप इंडिया ने मजबूत अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां बनाई हैं। अब 21 अंतरराष्ट्रीय ब्रिज और 2 रणनीतिक गठबंधन मौजूद हैं, जो यूके, जापान, दक्षिण कोरिया, स्वीडन और इज़राइल सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बाज़ार तक पहुंच, सहयोग और विस्तार को आसान बनाते हैं। इन पहलों से अब तक 850 से अधिक स्टार्टअप्स लाभान्वित हो चुके हैं। स्वीडन, स्विट्ज़रलैंड, न्यूज़ीलैंड और इज़राइल की मेरी हालिया यात्राओं में स्टार्टअप्स भारत के व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों का अहम हिस्सा रहे। इन प्रयासों ने वैश्विक मंच पर भारतीय नवाचार को प्रदर्शित करने का अवसर दिया, साथ ही हमारे उद्यमियों को विकसित अर्थव्यवस्थाओं की नवाचार और व्यापारिक कार्यप्रणालियों से परिचित कराया।

सुधार और बाज़ार तक पहुंचः इस विकास को संभव बनाने में कारोबार करने में आसानी सुधारना एक मुख्य आधार रहा है। पात्र स्टार्टअप अपने पहले दस वर्षों में से किसी भी तीन लगातार वर्षों के लिए कर अवकाश का लाभ ले सकते हैं। अब तक 4,100 से अधिक स्टार्टअप्स को इसके लिए पात्रता प्रमाणपत्र मिल चुके हैं। 60 से अधिक नियामकीय सुधारों के माध्यम से अनुपालन का बोझ कम किया गया है, पूंजी जुटाने को आसान बनाया गया है और घरेलू संस्थागत निवेश को मजबूत किया गया है। एंजेल टैक्स को समाप्त करने और वैकल्पिक निवेश कोषों (एटीएफ) के लिए दीर्घकालिक पूंजी के रास्ते खोलने से स्टार्टअप फंडिंग का पारिस्थितिकी तंत्र और सशक्त हुआ है। बाज़ार तक पहुंच को प्राथमिकता दी गई है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जैम) के माध्यम से 35,700 से अधिक स्टार्टअप्स को जोड़ा गया है, जिन्हें 51,200 करोड़ से अधिक मूल्य के पांच लाख से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं। इन प्रयासों के साथ मजबूत वित्तीय सहयोग भी दिया गया है। स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना के तहत वैकल्पिक निवेश कोषों के जरिए 25,500 करोड़ से अधिक का निवेश किया गया है, जिससे 1,300 से अधिक उद्यमों को लाभ मिला है। इसके अलावा, स्टार्टअप्स के लिए क्रेडिट गारंटी योजना के अंतर्गत 800 करोड़ से अधिक के बिना जमानत ऋण की गारंटी दी गई है। 945 करोड़ के परिव्यय वाली स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना के तहत स्टार्टअप्स को कॉन्सेप्ट की जाँच, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाज़ार में प्रवेश और व्यवसायीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। सांस्कृतिक बदलावः भारतीय स्टार्टअप्स ने देश में एक बड़ा सांस्कृतिक परिवर्तन लाया है। पहले बच्चों को मुख्य रूप से सरकारी नौकरी, इंजीनियरिंग या चिकित्सा जैसे कुछ ही क्षेत्रों में जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता था। आज कई युवा नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनने का सपना देख रहे हैं, और उनके परिवार भी उद्यमशील आकांक्षाओं का सम्मान करते हैं और उन्हें बढ़ावा देते हैं। अंततः भारत की स्टार्टअप यात्राः हमारे युवा उद्यमियों पर विश्वास, नीति-आधारित विकास और दुनिया के लिए नवाचार करने की भारत की क्षमता की कहानी है। 2047 तक एक विकसित देश बनने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए, स्टार्टअप्स समृद्ध, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारत के निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाते रहेंगे।

**(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं)**

## सू- दोकू क्र.287

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.286 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य - 287

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 286 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

## राशिफल

मेष राशि,ः-मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। नौकरी में आज आपको अधिकारियों से सहयोग मिलेगा, आप कुछ नया काम भी आज शुरू कर सकते हैं। सरकारी क्षेत्र के काम में आज आपको कामयाबी मिलने का योग बना है। आपको शिक्षा के क्षेत्र में कामयाबी मिलेगी,जो लोग विदेश में शिक्षा के लिए प्रयास कर रहे हैं उनको भी इस मामले में गुड न्यूज मिल सकती है।

वृषभ राशिः- वृषभ राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ रहेगा। आपकी राशि के स्वामी शुक्र आज सूर्य के साथ युति में रहेंगे ऐसे में आपको आज विपरीतलिंगी सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। नौकरी मे आज आपका प्रभाव बना रहेगा। आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। शिक्षा और प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलेगी।

मिथुन राशि,ः- मिथुन राशि के जातकों के लिए आज राशि स्वामी बुध का गोचर शुभ रहेगा। आपको अपनी बुद्धि और व्यावहारिकता का फायदा मिलेगा। आर्थिक मामलों में आपको अपनी योजनाओं का फायदा मिलेगा। नकौरी में आपका सम्मान बना रहेगा। और सहकर्मियों से आप आज सहयोग भी प्राप्त कर पाएंगे। सरकारी क्षेत्र के काम में आज थोड़ी परेशानी हो सकती है। आर्थिक मामलों में आज आपको अप्रत्याशित खर्च का सामना करना पड़ सकता है। आप आज किसी की मदद भी कर सकते हैं।

कर्क राशिः- कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। राशि स्वामी आज नीच राशि में होंगे लेकिन सूर्य और शुक्र की सप्तम दृष्टि प्राप्त होने से आपको कार्यक्षेत्र मं उन्नति का मौका मिलेगा। आर्थिक लाभ का संयोग बनेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ व्यक्तियों और सहकर्मियों से आपको सहयोग मिलेगा। बिजनेस में आज आप लाभ प्राप्त कर पाएंगे। शिक्षण कार्य से जुड़े जातकों के लिए भी आज का दिन लाभदायक होगा।

सिंह राशिः- आज का दिन सिंह राशि के जातकों के लिए मिश्रित फलदायी होगा। आपको कार्यक्षेत्र में आज अपने काम से काम रखना चाहिए और जहां तक हो सके आज आपको दूसरों के काम से दूरी बनाकर रखना चाहिए। सरकारी मामलों में आज आपको सफलता पाने के लिए अधिक परिश्रम की जरूरत होगी। वैसे आज चतुर बुद्धि और कूटनीति से आप उलझन को सुलझाने में भी सफलता प्राप्त कर पाएंगे। आपके काम का संबंध अगर विदेश है तो आपको कोई लाभ का मौका मिल सकता है।

कन्या राशिः- कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन बुध और सूर्य के गोचर से शुभ रहेगा। आप आज बिजनेस में बुद्धि, वाणी और विवेक से लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपके कार्यक्षेत्र में आज अनुकूल स्थिति बनी रहेगी और आपको साथी सहकर्मियों से भी सहयोग मिलेगा। जो लोग तकनीकी क्षेत्र के काम से जुड़े हुए हैं उनको आज लाभ का विशेष मौका मिल सकता है। सेल्स मार्केटिंग के काम से जुड़े जातकों के लिए भी आज का दिन लाभदायक रहेगा। लेकिन आपको आज शेयर सट्टा से दूरी बनाए रखना चाहिए।

तुला राशिः- आज गुरुवार का दिन तुला राशि के जातकों के लिए आनंददायक रहेगा। आप आज एक से अधिक स्रोत से लाभ प्राप्त कर पाएगे। नौकरी में आपका काम भी आज सुचारू रूप से चलेगा। सहयोगियों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको आज सुख साधनों के मिलने की भी खुशी होगी। बिजनेस करने वाले जातकों के लिए भी कमाई के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहेगा। आप कुछ नया काम भी शुरू कर सकते हैं अथवा किसी नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं।

वृश्चिक राशिः- वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन सामान्य रूप से अनुकूल कहा जा सकता है। राशि में जहां चंद्रमा विराजमान हैं तो वहीं राशि स्वामी मंगल दूसरे भाव में गोचर कर रहे हैं। ऐसे में आज आपको कामकाज में आज संयम रखना होगा। नौकरी में आपका दिन आज व्यस्तता भरा रहेगा। दिन के दूसरे भाग में कुछ नया काम अचानक ही आपके ऊपर आ सकता है। आर्थिक लेनदेन में भी आपको आज व्यवहारिक और सतर्क रहना होगा। वैसे आज आप किसी साहसिक फैसले से लाभ भी ले पाएंगे।

धनु राशिः- आज धनु राशि के लिए गुरु की दृष्टि शुभ फलदायी है। आपको आज किसी वरिष्ठ व्यक्ति से सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आपके कार्यक्षेत्र में आज प्रगति होगी। आपको कोई लाभदायक मौका भी मिलेगा। नौकरी में आपको आज साथी सहकर्मी से सहयोग मिलेगा। आपका कोई महत्वपूर्ण काम आज पूरा हो सकता है। आज आज किसी जरूरतमंद की मदद भी कर सकते हैं। घर की साज सज्जा और व्यवस्था पर आप धन खर्च कर सकते हैं। किसी को आपने पैसे दिए हैं तो आपका धन वापस मिल सकता है।

मकर राशिः- मकर राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आप ऊर्जा और उत्साह से भरपूर बने रहेंगे। राशि में विराजमान सूर्य आपको सरकारी क्षेत्र के काम में सफलता दिलाएंगे। नौकरी में आज आपको कोई रुचि का काम मिल सकता है। फैमिली बिजनेस में आपको आज लाभ मिलेगा। आप कुछ नया काम और कारोबार शुरू करने का प्लान कर सकते हैं।

कुंभ राशिः- आज गुरुवार का दिन कुंभ राशि के जातकों के लिए मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। आपको आज चतुराई और कूटनीतिक बुद्धि से लाभ मिल पाएगा। आज राजनीति से जुड़े जातकों को पद और सम्मान की प्राप्ति होगी। आर्थिक मामलों में आज आपको अपने प्रयास का लाभ मिलेगा। आप करियर में कोई लाभ का मौका पाएंगे लेकिन विरोधी और शत्रुओं से आपको आज सतर्क रहना होगा।

मीन राशिः- मीन राशि के जातको के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा। आपकी राशि भाग्य भाव में चंद्रमा का गोचर करना और सूर्य का एकादश भाव में होना आपके लिए लाभ का संयोग बना रहा है। आपको करियर मे उन्नति का मौका मिलेगा। अधिकारी और वरिष्ठजनों से आपको आज पूरा सपोर्ट और सहयोग मिलेगा। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी और सरकारी एवं कानूनी मामलों में आपको लाभ और सफलता का मौका मिलेगा। आपका पारिवारिक जीवन भी आज सुखद रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ जहां आपका प्रेम बना रहेगा वहीं पिता और बड़े भाई से आप सहयोग भी प्राप्त कर पाएंगे। आपको आज अतिउत्साह में जोखिम वाले काम करने से बचना होगा। हृदय रोग से प्रभावी जातक अपना ध्यान रखें।

विश्लेषण

# ईरान की उथल-पुथल एवं अमेरिका से टकराव गंभीर चुनौती

**ललित गर्ग**



ईरान में बार-बार उभरती उथल-पुथल केवल किसी एक घटना, किसी एक फैसले या किसी एक पीढ़ी का आक्रोश नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक, वैचारिक और भू-राजनीतिक संरचना की परिणति है, जिसने 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से इस देश को आकार दिया है। आज जब सड़कों पर विरोध के दृश्य, सोशल मीडिया पर आक्रोश और पश्चिमी विश्लेषकों की ओर से सत्ता परिवर्तन की अटकलें तेज हैं, तब यह समझना जरूरी हो जाता है कि ईरान का संकट साधारण आंतरिक असंतोष नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन से गहराई से जुड़ा हुआ प्रश्न है। ईरान की आंतरिक उथल-पुथल एवं अस्थिरता के साथ-साथ उसका अमेरिका के साथ टकराव युद्ध की स्थितियों एवं वैश्विक असंतुलन का बड़ा कारण बन रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल द्विपक्षीय तनाव नहीं है, बल्कि इसके दुष्प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ सकते हैं। इस संघर्ष से पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा बढ़ता है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और तेल की कीमतों पर पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की अस्थिरता अंतरराष्ट्रीय व्यापार की धमनियों को बाधित कर सकती है, जिससे महंगाई और आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ेगा। इसके साथ ही यह टकराव क्षेत्रीय देशों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध में खींच सकता है, जिससे शरणार्थी संकट, आतंकवाद और साम्प्रदायिक तनाव गहराने की आशंका है। महाशक्तियों के परस्पर टकराव की स्थिति में विश्व राजनीति और अधिक धूरवीकृत होगी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग कमजोर पड़ेगा और शांति की जगह अविश्वास व सैन्य प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनेगा, जिसका खामियाजा अंततः पूरी मानवता को भुगतना पड़ सकता है। 1979 की इस्लामिक क्रांति ने ईरान में केवल शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी को सत्ता से हटाकर एक नई सरकार स्थापित नहीं की थी, बल्कि एक ऐसी वैचारिक-राजनीतिक संरचना रची थी, जिसमें धर्म, राजनीति और सुरक्षा-तंत्र एक-दूसरे में घुलमिल गए। 'विलायत-ए-फकीह' की अवधारणा के तहत सर्वोच्च धार्मिक नेतृत्व को अंतिम राजनीतिक अधिकार सौंपा गया। इसी व्यवस्था के संरक्षण और विस्तार के लिए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर यानी आईआरजीसी को खड़ा किया गया, जो समय के साथ केवल सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि आर्थिक, राजनीतिक और वैचारिक ताकत का भी केंद्र बन गया। यही कारण है कि ईरान की व्यवस्था को केवल सरकार या शासन कहकर नहीं समझा जा सकता; यह एक संपूर्ण तंत्र है, जिसे हटाने के लिए केवल विरोध-प्रदर्शन पर्याप्त नहीं होते ईरान ने पिछले चार दशकों में कई बड़े जनांदोलन देखे हैं। 2009 का ग्रीन मूवमेंट, 2017-18 की आर्थिक असंतोष की लहर, 2019 में ईंधन मूल्य वृद्धि के खिलाफ उग्र प्रदर्शन और 2022 में सामाजिक स्वतंत्रताओं को लेकर उठी आवाजें, हर बार यह माना गया कि शायद अब व्यवस्था डगमगाएगी। लेकिन हर बार वही सत्ता, वही ढांचा और वही शक्ति-संतुलन कायम रहा। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि ईरान में सुरक्षा-तंत्र राज्य से अलग नहीं, बल्कि राज्य का ही विस्तार है। अरब स्प्रिंग के दौरान मिस्र या तुर्किए में सेनाओं ने अंततः राष्ट्र-राज्य को बचाने का रास्ता चुना, लेकिन ईरान में आईआरजीसी खुद को क्रांति और इस्लामिक रिपब्लिक का संरक्षक मानती है, न कि केवल सीमाओं की रक्षा करने वाली संस्था। फिर भी यह कहना गलत होगा कि ईरान की व्यवस्था पर कोई दबाव नहीं है। वास्तव में, आज का दबाव पहले से कहीं अधिक जटिल और गहरा है। इसका सबसे बड़ा कारण है पीढ़ीगत बदलाव। ईरान की आबादी का बड़ा हिस्सा युवा है, जिसने 1979 की क्रांति न देखी है और न ही उससे भावनात्मक रूप से जुड़ा है। उनके लिए क्रांति कोई जीवित स्मृति नहीं, बल्कि इतिहास की किताबों का अध्याय है। उनकी आकांक्षाएं इंटरनेट, वैश्विक संस्कृति, शिक्षा, रोजगार और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं से प्रेरित हैं। जब ये आकांक्षाएं एक सख्त सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था से टकराती हैं, तो असंतोष स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है। इस असंतोष को और तीखा बनाया है दशकों से चले आ रहे अमेरिकी और पश्चिमी प्रतिबंधों ने। इन प्रतिबंधों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। तेल निर्यात सीमित हुआ, विदेशी निवेश रुका, मुद्रा कमजोर पड़ी और महंगाई ने आम नागरिक की कमर तोड़ दी। विकास और आधुनिकीकरण की गति धीमी पड़ी, जिससे खासकर शहरी मध्यम वर्ग और युवा वर्ग में भविष्य को लेकर निराशा बढ़ी। आज ईरान के कई नागरिक यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या अमेरिका और इजराइल के साथ अंतहीन दुश्मनी का बोझ उन्हीं के कंधों पर डाला जाना जरूरी है। धीरे-धीरे यह वैचारिक टकराव राष्ट्रवादी गौरव से अधिक सामाजिक बोझ के रूप में देखा जाने लगा है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव इस पूरे परिदृश्य को और खतरनाक बना देता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान से व्यापार करने वाले देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के आदेश और सैन्य हस्तक्षेप के संकेतों ने पश्चिम एशिया को एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। ईरान आज 1979 के बाद से शायद सबसे गंभीर बाहरी दबाव का सामना कर रहा है। यह टकराव केवल दो देशों के बीच का संघर्ष नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा भू-राजनीतिक खेल बन चुका है, जिसमें महाशक्तियां अपने-अपने हित साधना चाहती हैं। अकसर यह धारणा बनाई जाती है कि बाहरी हस्तक्षेप से ईरान में सत्ता परिवर्तन संभव है। लेकिन इतिहास बताता है कि ईरान में विदेशी दखलअंदाजी ने हमेशा उल्टा असर डाला है। 1953 में मोसादेग सरकार के तख्तापलट से लेकर आज तक, 'विदेशी साजिश' का कथानक ईरानी राष्ट्रवाद को मजबूत करता रहा है। बाहरी समर्थन से होने वाले आंदोलनों को जनता का व्यापक और स्थायी समर्थन नहीं मिल पाता। यही वजह है कि विपक्षी नेतृत्व, जो अक्सर देश से बाहर बैठा होता है, ईरान के भीतर विश्वसनीय विकल्प नहीं बन सका। इसके अलावा, ईरान वेनेजुएला नहीं है। यह एक बड़ा, संगठित और रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण देश है, जिसकी पकड़ इराक, सीरिया, लेबनान और यमन तक फैली हुई है। यहां किसी भी प्रकार का सैन्य हस्तक्षेप पूरे पश्चिम एशिया को आग में झोंक सकता है। इजराइल, खाड़ी देश, अमेरिका और यूरोपीय शक्तियां-सब इसके प्रभाव में आएंगे। चीन और रूस भी एक अस्थिर ईरान नहीं चाहते, क्योंकि वह उनके क्षेत्रीय और वैश्विक हितों के खिलाफ होगा। यह बहुध्रुवीय संतुलन ईरान की व्यवस्था को एक अप्रत्यक्ष सुरक्षा कवच प्रदान करता है। ईरान के भीतर आम नागरिकों का गुस्सा अब केवल आर्थिक कुप्रबंधन या भ्रष्टाचार तक सीमित नहीं रह गया है। एक बड़ा वर्ग यह मानने लगा है कि शासन की प्राथमिकताएं आम लोगों की जरूरतों से कट चुकी हैं। जब नागरिक भोजन, रोजगार और सम्मानजनक जीवन की मांग कर रहे हों, तब बाहरी दुश्मनों के खिलाफ वैचारिक युद्ध और यहूदी-विरोधी राजनीति उन्हें खोखली प्रतीत होती है। कई ईरानी मानते हैं कि इसी नीति ने देश को अंतरराष्ट्रीय अलगाव में धकेला और आर्थिक बर्बादी को जन्म दिया। यदि ईरान में बाहरी मदद से सत्ता परिवर्तन की कोशिश होती है, तो इसके परिणाम केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेंगे। मध्य पूर्व में शक्ति-संतुलन बुरी तरह बिगड़ सकता है। शिया-सुन्नी तनाव, इजराइल-ईरान संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा बाजार-सब पर इसका गहरा असर पड़ेगा। भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण होगी। भारत के ईरान के साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंध रहे हैं। चाबहार बंदरगाह से लेकर ऊर्जा सुरक्षा तक, ईरान भारत की विदेश नीति में अहम स्थान रखता है। ऐसे में भारत को अत्यंत सावधानी के साथ अपने रणनीतिक संतुलन को बनाए रखना होगा, ताकि वह किसी एक ध्रूव का मोहरा बनने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर सके। अंततः, ईरान की वर्तमान उथल-पुथल यह संकेत देती है कि व्यवस्था पर दबाव वास्तविक है, लेकिन तात्कालिक पतन की भविष्यवाणियां अक्सर जल्दबाजी साबित होती हैं। यह संघर्ष केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि पहचान, वैचारिक दिशा और भविष्य की कल्पना का संघर्ष है। ईरान का भविष्य संभवतः न तो अचानक क्रांति से बदलेगा और न ही केवल दमन से स्थिर रहेगा। यह एक लंबी, जटिल और अंतर्द्वंद्वों से भरी प्रक्रिया होगी, जिसके परिणाम न केवल ईरान, बल्कि पूरी दुनिया की राजनीति को प्रभावित करेंगे।

सर्व गुप्ता समाज उतरा सड़क पर, बगैर साक्ष्य चरित्रहनन का आरोप लगाने पर किया चक्का जाम, मांगा सबूत

# दंतेवाड़ा में बीजेपी जिलाध्यक्ष व सराफा व्यापारी के बीच विवाद ने पकड़ा तूल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 15 जनवरी ।** जिले के व्यवसायिक नगरी गीदम में इन दिनों एक सराफा व्यापारी व सर्व गुप्ता समाज के अध्यक्ष संतोष गुप्ता के बीच विवाद का मामला तूल पकड़ लिया है । मामला इतना गरमा गया कि बुधवार शाम सर्व गुप्ता समाज के लोग शहर की मुख्य सड़क पर आ गए और चक्का जाम कर दिया। सर्व गुप्ता समाज के लोगो की माने तो सराफा व्यापारी चांदक मल सोनी के द्वारा गुप्ता समाज के अध्यक्ष एव बीजेपी जिलाअध्यक्ष संतोष गुप्ता पर बगैर साक्ष्य चरित्रहनन का आरोप लगाया गया है, थाने में शिकायत की गई है और शोशल मीडिया में भी बयान दिया गया है । सर्व गुप्ता समाज के लोगो ने अपना विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि सराफा व्यापारी चांदकमल सोनी व अध्यक्ष संतोष गुप्ता के बीच भले आपसी व्यवसायिक लेनदेन से जुड़ा विवाद रहा हो लेकिन बगैर प्रमाण जिस तरह से समाज के अध्यक्ष पर चरित्रहनन का आरोप लगाकर, छवि धूमिल कर गन्दी राजनीति करने का प्रयास



किया जा रहा है उसे लेकर पूरा गुप्ता समाज आहत है । बता दे कि संतोष गुप्ता सर्व गुप्ता समाज के अध्यक्ष होने के साथ-साथ बीजेपी के भी जिलाध्यक्ष है ऐसे में समाज के लोगो ने मांग की है कि आरोप अगर सही है तो आरोप लगाने वाले यह आरोप सिद्ध करे, अर्थात साक्ष्य प्रस्तुत करें अन्यथा व्यापारी ने अगर गुप्ता समाज के अध्यक्ष पर चरित्रहनन का झूठा आरोप लगाया है तो वह सार्वजनिक रूप से समाज से मॉफी मांगे। समाज के लोगो ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि समाज के अध्यक्ष पर बगैर प्रमाण इस तरह का आरोप लगाना समाज के सभी लोगो की प्रतिष्ठा का सवाल बना है। गीदम नगर में पहले भी आपसी विवाद होने पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जाते थे लेकिन किसी की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से इस तरह के चरित्रहनन का आरोप लगाना बेहद गम्भीर मामला है । इस मामले को लेकर बुधवार शाम करीब 8 बजे से घण्टे भर जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाइवे 63 पर गीदम बस स्टैंड के पास चक्का जाम रहा । इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई। जाम से कई यात्री बसे और ट्रकों के पहिये थम गए, हालांकि मेडिकल इमरजेंसी, एम्बुलेंस जैसी वाहनों की आवाजाही लगातार जारी रही। घण्टे भर चक्का जाम के बाद सूचना पर गीदम तहसीलदार किशन मिश्रा पहुँचे, पुलिस के जवान भी यहां तैनात रहे , तहसीलदार ने मामले को संज्ञान लेते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन समाज के लोगो को दिया है, जिसके बाद धरना प्रदर्शन को विराम दिया गया ।

**24 घंटे के अंदर प्रमाण नहीं देने या माफी नहीं मांगने पर गीदम बंद का किया आव्हान**

प्रदर्शन के दौरान सर्व गुप्ता समाज के लोगो ने कहा कि सिर्फ गुप्ता समाज ही नही बल्कि किसी भी समाज के किसी भी व्यक्ति पर बगैर प्रमाण किसी के चरित्र पर दाग लगाना गलत है, आपसी विवाद अपनी जगह है, सराफा व्यापारी ने एक प्रतिष्ठित पद पर बैठे व्यक्ति पर चरित्रहनन का आरोप लगाया है तो 24 घण्टे के भीतर उनका वह ठोस प्रमाण प्रस्तुत करें अन्यथा मॉफी मांगे, नही तो गीदम बन्द का आव्हान किया जाएगा ।

**ये है मामला**

दरअसल सराफा व्यापारी चांदकमल सोनी के गीदम स्थित लॉज में भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता किराए से अपना रेस्टोरेंट का संचालन करते थे जिसे लेकर आपसी लेनदेन पर विवाद का मामला सामने आया। सराफा व्यापारी चांदकमल सोनी का आरोप है कि संतोष गुप्ता ने कई महीनो से रेस्टोरेंट का किराया नही दिया है और 13 जनवरी को जब उन्होंने किराया देने अपने घर बुलाया तो घर मे संतोष गुप्ता ने उनके साथ गाली गलौच कर मारपीट की । इतना ही नही सराफा व्यापारी ने संतोष गुप्ता पर लॉज के चौथे मंजिल पर लड़की लेकर जाने का भी आरोप लगाया था । जबकि बीजेपी जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने इन सभी आरोपो को निराधार बताते हुए कहा कि उन्होंने सराफा व्यापारी को अपने घर नही बुलाया था वह खुद सुबह मेरे घर आये थे और लेनदेन को लेकर विवाद कर रहे थे मैं पूजा कर रहा था उनसे कहा कि रेस्टोरेंट खुलने पर हिसाब कर दूंगा लेकिन वह नही माने और गाली गलौच कर विवाद करने लगे । जिसके बाद विवाद थाने पहुँचा, गीदम पुलिस ने दोनों तरफ से मामला दर्ज कर लिया था । लेकिन सराफा व्यापारी द्वारा लगाए गए आरोपो में लड़की लेकर जाने वाले इस आरोप पर गुप्ता समाज भड़क उठा और बुधवार शाम सड़क पर उतर कर सराफा व्यापारी से चरित्रहनन के आरोप पर प्रमाण पस्तुत करने की मांग की । जिसके बाद तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए गीदम तहसीलदार ने उचित कार्यवाही का आश्वसन देकर चक्का जाम को बन्द कराया ।

## एक नजर

### ग्रामीण स्व सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों की बालिकाओं को रोजगार से जोड़ने जिला प्रशासन ने की पहल



**दंतेवाड़ा, 15 जनवरी ।** जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) एवं प्रदान संस्था के संयुक्त प्रयास से ग्रामीण स्व सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों की बालिकाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। माँ दंतेश्वरी महिला संकुल संगठन, बालूद के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के परिवारों की शिक्षित बालिकाओं में से 08 बालिकाओं का चयन गैर-कृषि क्षेत्र में रोजगार हेतु किया गया है। इस पहल से संबंधित परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार की अपेक्षा है तथा बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। चयनित बालिकाओं को टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, बेंगलूरु स्थित मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में असेंबली ऑपरेटर पद पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के साथ उन्हें 19,800 रुपये मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। इस रोजगार हेतु सभी चयनित बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों की सहमति प्राप्त की गई है। संकुल संगठन द्वारा प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं समन्वय में निरंतर सहयोग दिया जा रहा है।

### दंतेवाड़ा में 21 जनवरी को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 15 जनवरी ।** कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा में 21 जनवरी 2026 प्रातः 11 बजे से शाम 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प हेतु आरसीसी एंड एसोसिएट दंतेवाड़ा में ऑडिट असिस्टेंट 02, रिसेप्शनिस्ट 01 पद की शक्तियां प्राप्त हुई है. इच्छुक आवेदक, आवेदिका प्रातः 11 से 04 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपनी शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति, रोजगार पंजीयन, आधार कार्ड, की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ बायोडाटा (रिज्यूम) सहित, उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है।

### त्रिस्तरीय पंचायतों को 15वें वित्त अनुदान की प्रथम किश्त जारी

**कांकेर 15 जनवरी ।** भारत शासन से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये मूल अनुदान प्रथम किश्त की राशि शासन स्तर से त्रिस्तरीय पंचायतों को सीधे बैंक खातों में जारी की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने सभी जनपद एवं ग्राम पंचायतों को कार्ययोजना से संबंधित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने बताया कि जिला पंचायत कांकेर को 85 लाख 94 हजार 151 रूपए जारी की गई है। जनपद पंचायत अंतागढ़ को 13 लाख 75 हजार 653 रूपए, भानुप्रतापपुर को 15 लाख 99 हजार 499 रूपए, चारामा को 17 लाख 15 हजार 391 रूपए, दुर्गूकोंदल को 12 लाख 52 हजार 778 रूपए, कांकेर को 17 लाख 04 हजार 939 रूपए, कोयलीबेड़ा को 29 लाख 78 हजार 495 रूपए एवं नरहरपुर को 19 लाख 41 हजार 608 रूपए जारी की गई है।

### विकासखंड स्तरीय बस्तर पंडुम का आयोजन 16 जनवरी को

**कांकेर 15 जनवरी ।** विकासखण्ड स्तरीय बस्तर पंडुम का ग्राम पंचायत मांदरी के आश्रित ग्राम साल्हेभाट में शुक्रवार 16 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा, जिसमें बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपरा, कला एवं जनजीवन की झलक देखने को मिलेगी। जनपद पंचायत कांकेर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम होंगे, जबकि अध्यक्षता जनपद पंचायत कांकेर की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा कावड़े द्वारा की जाएगी।

इसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा, हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष, श्रीमती तारा ठाकुर, नगर पालिका कांकेर के अध्यक्ष श्री अरूण कौशिक, जिला पंचायत सदस्य सुश्री मृदुला भास्कर, जनपद पंचायत कांकेर उपाध्यक्ष श्रीमती तारूणी ठाकुर सहित गणमान्य नागरिक और आदिवासी समाज के प्रमुखजन तथा मांझी, चालकी, गांयता, पुजारी व स्थानीय जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहेंगे।

# धान नहीं भाजपा सरकार का सिस्टम सड़ चुका है :दीपक बैज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,15 जनवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रवार्ता को संबोधित करते हुए कहा विगत दिनों बस्तर विधानसभा के धान संग्रहण केंद्रों ग्राम नियानार और ग्राम बिरिंगपाल व आज शिवनी धान संग्रहण केंद्र का जिला प्रभारी शकील रिज़वी, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य व धान खरीदी केंद्र जांच समिति के संयोजक उमाशंकर शुक्ला व जांच समिति के सदस्यों के साथ रूप से निरीक्षण किया गया।नियानार में 1लाख 46 हजार क्विंटल धान पूरी तरह से खराब हो गया है वहीं बिरिंगपाल में भी लगभग 75000 हजार क्विंटल धान पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है,इस सरकार की धान खरीदी पर मंशा शुरू से ही गंभीर नहीं रही है इतना ही नहीं पिछले दो साल का धान लगभग 1.40 लाख क्विंटल धान पानी में बर्बाद होकर पूरी तरह से खराब हो गया।

वही शिवनी में 1लाख क्विंटल से अधिक धान खराब हो गया है निरीक्षण के दौरान वहां का प्रभारी ही धान संग्रहण केंद्र से भाग गया कोई जवाब देने वाला नहीं है खराब धान के ऊपर में अच्छे धान को डाल दिया गया है ताकि किसी को यह न लगे कि यहां धान खराब हुआ है जब धान को थोड़ा निकाल कर देखा गया तो पूरा धान ही खराब निकला सड़ा हुआ निकला ये कितना बड़ा भ्रष्टाचार है भाजपा सरकार में !इसीलिए कहा का जा रहा है,कि यह धान नहीं भाजपा सरकार का सिस्टम ही सड़ा हुआ है इसके साथ ही लोकल राईस मिलरो को धान नहीं बल्कि बाहरी मिलरो को धान दिया जा रहा है कुल मिलाकर 3लाख 50हजार धान खराब हो गया है शासन प्रशासन नए बोरो को लाकर उसमें खराब धानों को भरकर राईस मिलरो को डरा धमका कर बेचा जा रहा है और जो धान को खराब होने बाहर खुला रखा गया है कुल मिलाकर भारी भ्रष्टाचार हुआ है बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है और यही हाल पूरे प्रदेश में है इसका वास्तविक भौतिक सत्यापन होना चाहिए साथ कांग्रेस पार्टी इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग करती हैं,ही इसका जांच ED और CBI को करनी चाहिए ताकि दोषियों को बेनकाब कर कड़ी कार्रवाई की जा सक। दीपक बैज ने कहा पिछले वर्ष के धान का निराकरण सरकार नहीं कर पाई है। धान संग्रहण केन्द्रों में पड़े पड़े सड़ रहे है. भीग गया, चूहे खा रहे, दीमक लग कर खराब हो गया। प्रदेश के अनेको संग्रहण केन्द्रों में सड़े हुये धान का भंडारण दिख जायेगा। धान के खराब होने और सठने के नाम पर पूरे प्रदेश में सुनियोजित भ्रष्टाचार किया जा रहा है।पूरे प्रदेश में 25 लाख 93 हजार 880 विंवटल भान की मिलिंग ही नहीं करवाई गई है. उक्त धान में से 4 लाख 16 हजार 410 क्विटल धान विभिन्न खरीदी केंद्रों में शेष बताया गया है तथा शेष 21 लाख 77 हजार 470 क्विटल धान राज्य सहकारी विपणन संघ के विभिन्न संग्रहण केंद्रों में शेष बताया जा रहा था.अब षडयंत्र पूर्वक धीरे धीरे नष्ट होना बता रहे।

# स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,15 जनवरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने आज बुधवार को विद्यालय के शिक्षकों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर तिलक लगाकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कु. मोनिका कश्यप, कु. खुशबू कश्यप, कु. रोशनी नाग और कु. नैना कश्यप ने सुस्वागतम गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात कु. रूपाली सेठिया, कु. पद्मिनी नाग और कु. भगवती बघेल ने आवाहन गीत गाया, जबकि अजय सेठिया और हेमंत बघेल ने लक्ष्य गीत के माध्यम से युवाओं में जोश भरा। बौद्धिक सत्र में विद्यालय के व्याख्याता राजेंद्र कलिहारी ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के वेदांत दर्शन और उनके ओजपूर्ण कार्यों के इतिहास को एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ साझा किया । वहीं व्याख्याता मोहम्मद अकबर खान ने स्वामी विवेकानंद और उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस के बीच के अनूठे गुरु-शिष्य संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरु की प्रेमपूर्ण शिक्षा और आज्ञा पालन के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए व्याख्याता लुसेश्वर आचार्य ने जीवन में लक्ष्य निर्धारण पर जोर दिया। उन्होंने विवेकानंद स्वामी के विश्वप्रसिद्ध उद्घोष उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक मत रुको को उद्धृत करते हुए छात्रों को सफलता के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी वाणी हुमने और लोकेश निषाद की भूमिका अहम रही। कार्यक्रम के दौरान व्याख्याता श्रीमती अनीता पाणिग्रही, श्रीमती रीना दास सहित समस्त एनएसएस स्वयंसेवक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### धान उपार्जन में लापरवाही करने पर खाद्य निरीक्षक मगरलोड निलंबित

**धमतरी, 15 जनवरी ।** शासन की महत्वपूर्ण योजना समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने के आरोप में श्रीमती रीना साहू, खाद्य निरीक्षक मगरलोड, जिला धमतरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।जारी निलंबन आदेशानुसार संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी पत्र क्रमांक 3990/धान उपार्जन 2025, दिनांक 24.12.2025 में दिए गए निर्देशों का पालन श्रीमती साहू द्वारा नहीं किया गया तथा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अपेक्षित रुचि नहीं ली गई। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के प्रावधानों के प्रतिकूल पाए जाने पर कदाचरण की श्रेणी में माना गया।

# जैनिज्म फिलाटेलिक सोसायटी का केवल्याधाम में 17 से राष्ट्रीय अधिवेशन

**बालोद,15 जनवरी।** आगामी 17-18 जनवरी को केवलयधाम रायपुर में जैनिज्म फिलेटेलिक सोसायटी आफ इंडिया का छठवां राष्ट्रीय अधिवेशन होने जा रहा है इसमें जैन धर्म पर आधारित डाक टिकट प्रदर्शनी आदिपेक्स 2026 का आयोजन भी किया जाएगा। इस सम्मेलन में देश के लगभग चौदह राज्यो के सौ से अधिक सदस्यों के भाग लेने की संभावना है ।



उक्त जानकारी देते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालोद निवासी डॉ प्रदीप जैन ने बताया कि देशभर के जैन डाक टिकट संग्रहकर्ताओं की राष्ट्रीय संस्था के रूप में जैन फिलाटेली सोसायटी आफ इंडिया एक ख्याति प्राप्त नाम है। इसकी स्थापना 15 वर्ष पूर्व 15 फरवरी 2011 को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी के दौरान हुई थी ।राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन के निर्देशन में इस माह की 17-18तारीख को छठवां राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन केवल्याधाम महा तीर्थ कुम्हारी रायपुर में किया जा रहा है। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ एव संस्थापक सदस्य अकोला निवासी श्री विनु भाई गीता बेन बाविशी का सम्मान किया जायेगा । वाराणसी निवासी जैन मिलन के अध्यक्ष श्री विजयकुमारजी जैन का भी सम्मान किया जायेगा ।सम्मेलन के दौरान विगत दो वर्षों के कार्यो का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा तथा आगामी वर्षों के कार्यक्रम की रुपरेखा बनायी जाएगी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसमें डॉ जैन के साथ श्री तेजकरण जैन राजनंदगांव, श्री अतुल जैन बिलासपुर एवं श्री अंकित अग्रवाल रायपुर शामिल है। वहीं पूर्व अध्यक्ष श्री सुधीर जैन सतना, राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में मीठा लाल जैन पूना, प्रमोद जैन पॉण्डिचेरी, महावीर कुंदुर हुबली कर्नाटक एवं हेमंत जैन जबलपुर का भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। सम्मेलन के दौरान इंडिया पोस्ट द्वारा जैन धर्म पर आधारित विशेष आवरण व अन्य सामग्री जारी करवाने हेतु भी सदस्य प्रयासरत है।इस दौरान डाक टिकट की राष्ट्रीय प्रदर्शनी आदिपैक्स का भी होगा आयोजनइस अधिवेशन के दौरान जैन धर्म, सत्य अहिंसा एवँ शाकाहार पर आधारित डाक टिकटों की प्रदर्शनी आदिपैक्स का आयोजन भी किया जा रहा है। सम्मेलन के दूसरे दिन सभी सदस्य छत्तीसगढ़ के प्रमुख तीर्थों नगपुरा एव आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समाधि स्थली नवोदित जैन तीर्थ चंद्रगिरि (डोंगरगढ़) की यात्रा करते हुए दर्शन लाभ प्राप्त करेंगे। उपरोक्त जानकारी जैनिज्म फ़िलाटेलिक सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ने दी ।

# जिले के किसान कर रहे उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग

**कांकेर, 15 जनवरी ।** कृषि अभियांत्रिकी कांकेर में उपलब्ध उन्नत कृषि यंत्रों एवं मशीन जैसे बेलर, डायरेक्ट सीड फोर राईस, मल्टी क्राप सीडड्रिल, मल्टीक्रॉप प्लांटर, मल्चर आदि का उपयोग शासकीय दर से किराये पर जिले के किसान कर रहे हैं। धान की कटाई उपरांत आधुनिक बेलर मशीन द्वारा फसल अवशेष (पैरा) से बंडल तैयार किया गया।



सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि कांकेर विकासखण्ड के ग्राम जुनवानी, मालगांव, बागोडार, गढ़पिछवाड़ी, पटौद, नांदनमारा, बेवरती, गोविन्दपुर, पुसवाड़ा, सातलोर में पैरा बंडल बनाया गया। इसी प्रकार नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम कुरना, लारगांव, कन्हारपुरी, चारामा विकासखण्ड के ग्राम कुर्रूभाट, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम कोरर एवं विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के ग्राम कापसी के किसानां के यहां 400 घंटे कार्य किया गया, जिसमें 11050 पैरा बंडल (बेल) बनाया गया। उन्होंने बताया कि प्रायः क्षेत्र के कृषक हार्वेस्टर से फसल कटाई उपरांत खेत में बचे पैरा को जला देते थे, जिससे पर्यावरण प्रदूषण होता है एवं मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। इसके अलावा बेलर मशीन से बने पैरा बंडल का उपयोग किसानों द्वारा पशुचारा एवं मशरूम उत्पादन के लिए किया जाता है। ग्राम कुर्रूभाट के कृषक विश्वनाथ नेताम ने बताया कि वह पहली बार कृषि अभियांत्रिकी में उपलब्ध बेलर मशीन से 1586 नग पैरा बेल बनवाया, जिसका उपयोग मशरूम उत्पादन एवं पशुचारा हेतु किया जाता है। बेलर मशीन से पैरा बंडल सस्ते में बनता है, परिवहन आसान एवं भंडारण कम जगह में हो जाता है।

सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि रबी फसल हेतु खेत की तैयारी के लिए मल्चर मशीन का उपयोग जिले के ग्राम बोरगाव पुसवाड़ा, गढ़पिछवाड़ी, आतुरगांव और सरंगपाल के किसानों के खेत में कुल 70 घंटे कार्य किया गया। मशीन द्वारा खेत में बचे फसल अवशेष को बारीक कर मिट्टी में मिला दिया जाता है, जिससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ता है एवं खेत में नमी बनी रहती है। रबी फसल गेहूं, चना मूंग अलसी उड़द, मक्का की बोनी हेतु उन्नत कृषि यंत्रों, मशीनों डायरेक्ट सीड फोर राईस, मल्टी क्राप सीडड्रील, मल्टीक्राप प्लांटर का उपयोग जिले के ग्राम करप, बतबनी, कुरना, मानिकपुर, घोड़दा भैंसमुंडी, चोरिया, किरगापाटी, देवरीबालाजी, आतुरगांव, गढ़पिछवाड़ी, ब्यासकोंगेरा, पथर्री तथा सरंगपाल के किसानों के खेत में 145 घंटे कार्य किया गया। ग्राम आतुरगांव के कृषक श्री मोहमद अय्यूब ने बताया कि पहली बार 0× एकड़ में गेहूं एवं मक्का की फसल की बोनी कृषि अभियांत्रिकी में उपलब्ध मशीन से कराया गया है, जिससे फसल बहुत अ'छी है, मशीन से गेहूं एवं मक्का की बोनी कम समय में हुआ एवं मशीन के उपयोग से लागत भी कम लगा। सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि जिले के कृषक खेत की तैयारी धान की रोपाई कटाई-गहाई, फसल अवशेष प्रबंधन एवं रबी फसल की बोनी हेतु आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग कर रहे हैं। आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से किसान कम लागत एवं कम मेहनत में अधिक मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं।

## समाचार संक्षेप

### बारसूर, मुचनार बने रोमांच और आध्यात्मिक पर्यटन के नए केंद्र

**दंतेवाड़ा, 15 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में स्थित बारसूर और मुचनार क्षेत्र इन दिनों पर्यटकों के लिए एक सुगम, सुरक्षित और रोमांच से भरपूर पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहे हैं। अतुल्य दंतेवाड़ा अभियान के अंतर्गत यहां एडवेंचर, प्रकृति और आध्यात्मिक पर्यटन का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। बारसूर, मुचनार क्षेत्र में पर्यटकों को एडवेंचर गतिविधियों का विशेष अनुभव मिल रहा है। यहां स्थापित जिले की सबसे बड़ी जिपलाइन रोमांच पसंद करने वाले सैलानियों के लिए मुख्य आकर्षण बन गई है। ऊँचाई से प्रकृति के बीच जिप लाइनिंग का अनुभव पर्यटकों को नया उत्साह और यादगार पल प्रदान कर रहा है। इसके साथ ही नाईट कैंपिंग की सुविधा पर्यटकों को प्रकृति के और भी करीब ले जा रही है। तारों भरे आकाश के नीचे ठहरने का अनुभव, जंगल की शांति और ठंडी हवाओं के बीच बिताई गई रातें सैलानियों को खासा आकर्षित कर रही हैं।

### 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अरुणोदय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**दंतेवाड़ा, 15 जनवरी ।** यातायात पुलिस दंतेवाड़ा द्वारा 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अरुणोदय विद्यालय दंतेवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. के. बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) नसर उल्लाह सिद्धिकी के मार्गदर्शन में 13 जनवरी 2026 को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। यातायात पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को संबोधित करते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति नियमों का पालन करे तो अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। जागरूकता सत्र के दौरान पुलिस टीम ने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के दुष्परिणाम समझाए। साथ ही हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा यातायात संकेतों के पालन पर विशेष जोर दिया गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से बड़ेपनेड़ा की आसमती को मिला पक्का घर



**दंतेवाड़ा, 15 जनवरी ।** जनपद पंचायत गीदम के ग्राम पंचायत बड़ेपनेड़ा की निवासी आसमती सोमारू, जो खेती-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती थीं, वर्षों से कच्चे घर में रहने की मजबूरी झेल रही थीं। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए एक अप्राप्त सपना था। बरसात के दिनों में टपकती छत और कमजोर दीवारों के बीच जीवन व्यतीत करते हुए आसमती को कभी नहीं लगा था कि उनके हिस्से भी एक सुरक्षित और टिकाऊ घर आएगा।

लेकिन वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के पात्रता सूची में नाम जुड़ते ही आसमती के जीवन में नई उम्मीदों का उजाला आया। आवास स्वीकृत होने के साथ ही उन्हें निर्माण के लिए आवश्यक राशि तथा मनरेगा के तहत 90 दिवस की मजदूरी की राशि सीधे बैंक खाते में प्रदान की गई। इससे निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सका और 02 अगस्त 2025 को आसमती का नया पक्का घर पूरी तरह तैयार हो गयज्ञ जिले के गीदम जनपद अंतर्गत बड़ेपनेड़ा गांव की अनुसूचित जाति वर्ग की महिला हितग्राही आसमती आज अपने नए घर में सुरक्षित, सम्मानजनक और आत्मविश्वास से भरा जीवन जी रही हैं। नए आवास ने न केवल उनके परिवार को छत दी है, बल्कि सामाजिक सम्मान और आत्मनिर्भरता की नई राह भी दिखाई है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का यह लाभ गांव में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बन गया है, जिसने आसमती जैसे परिवारों के सपनों को वास्तविकता में बदला है।

### कृषक खेत पाठशाला आयोजित

**कांकेर 15 जनवरी ।** एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत कृषक खेत पाठशाला का आयोजन विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंडरीपानी में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के द्वारा कृषक खेत पाठशाला में मक्का फसल में पोषक तत्वों के प्रबंधन के बारे में कृषक बंधुओं को जानकारी प्रदान की गई। इसी कड़ी में कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा कृषकों को विभागीय जानकारी एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा कृषकों को रागी बीज उत्पादन तकनीकी विधि की जानकारी प्रदान की गई।

### गहरीकरण से बढ़ी जल संचयन क्षमता,कृषि, मत्स्य पालन और आजीविका को मिली नई मजबूती

# मुख्यमंत्री के जल संरक्षण विजन को बुनगा के गतवा तालाब ने साकार किया

**रायगढ़, 15 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन और सहभागी विकास की अवधारणा से राज्य सरकार की जल संरक्षण-संवर्धन नीति और मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से गाँव-गाँव में जल स्रोतों का पुनर्जीवन हो रहा है। इसी दूरदर्शी सोच का सशक्त उदाहरण रायगढ़ जिला अंतर्गत जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत बुनगा में देखने को मिला है, जहाँ मनरेगा योजना के तहत गतवा तालाब का गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। यह कार्य न केवल जल संकट के समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि ग्रामीण आजीविका, कृषि और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित हो रहा है। पूर्व में ग्रीष्मकाल के दौरान गतवा तालाब लगभग सूखने की स्थिति में पहुँच जाता था, जिससे निस्तारी, सिंचाई एवं



पशुपालन गंभीर रूप से प्रभावित होते थे। तकनीकी टीम द्वारा स्थल निरीक्षण के पश्चात तालाब को गहरीकरण हेतु चिन्हांकित किया गया और जिला प्रशासन द्वारा 8.96 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

मनरेगा अंतर्गत संचालित इस कार्य से लगभग 3292 मानव दिवस का सृजन हुआ, जिससे स्थानीय श्रमिकों को रोजगार मिला। कार्यस्थल पर पथरीली एवं मुरूमी मिट्टी होने के कारण अतिरिक्त श्रम और समय की आवश्यकता पड़ी, किंतु ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला प्रशासन के बेहतर समन्वय से कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया गया। गहरीकरण उपरांत तालाब की जल संग्रहण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे वर्षा जल का अधिकतम संचयन संभव हो सका।

तालाब के जीर्णोद्धार के बाद यह अब सिंचाई, मत्स्य पालन, निस्तारी एवं अन्य आर्थिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। आसपास के खेतों में सिंचाई सुविधा बढ़ने से कृषि उत्पादन में सुधार हुआ है, वहीं मत्स्य पालन से ग्रामीणों को अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। कार्य पूर्ण होने के पश्चात ग्राम में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने जल संकट से राहत मिलने पर जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ शासन, विशेष रूप से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका मानना है कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। कार्य प्रारंभ से पूर्व सूखने की कगार पर खड़ा गतवा तालाब आज जल से परिपूर्ण दिखाई देता है, जो सुशासन, योजनाबद्ध क्रियान्वयन और जनभागीदारी का सशक्त उदाहरण है। ग्राम पंचायत बुनगा का यह प्रयास अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल बनकर उभरा है।

## एक नजर

### गणतंत्र दिवस पर जिले में रहेगा शुष्क दिवस

**रायगढ़, 15 जनवरी।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24, उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है।जारी आदेश के अनुसार 26 जनवरी को जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ), समस्त देशी कंपोजिट मदिरा (सी.एस.-2 घघ कंपोजिट) एवं समस्त विदेशी/प्रीमियम मदिरा (एफ.एल.-1 घघ) समस्त विदेशी कम्पोजिट मदिरा (एफ.एल.1 घघ कम्पोजिट) दुकानों, देशी मदिरा भंडारण भंडागार, समस्त होटल बार अनुज्ञप्ति (एफ.एल.-3), शॉपिंग मॉल रेस्टोरेन्ट बार अनुज्ञप्ति (एफ.एल.3 क), पर्यटन बार (एफ.एल. 3 ग) एवं समस्त देशी/देशी कम्पोजिट अहाता, समस्त विदेशी/विदेशी कम्पोजिट अहाता पूर्णतः बंद रहेंगे। कलेक्टर द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शुष्क दिवस के दौरान मदिरा का किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, वितरण अथवा संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधितों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी अनुज्ञप्तिधारकों, होटल-बार संचालकों एवं संबंधित विभागों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 16 जनवरी को

**रायगढ़, 15 जनवरी।** जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का आयोजन 16 जनवरी को रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर रायगढ़ में किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन दो आयु वर्ग में 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष तक में किया जाएगा। जिसमें विकासखण्ड के विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत एथलेटिक्स (100मी., 400मी. तवा फेंक), खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, रस्साकसी, हॉकी, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल एवं वेटलिफ्टिंग खेल का आयोजन किया जाएगा जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में सभी विकासखण्डों से लगभग 400 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर एवं निर्णायक भाग लेंगे।

### जिले में अब तक 66 हजार 938 किसानों को धान विक्रय से मिले 6 अरब 68 करोड़ रुपए

**कांकेर, 15 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। इस खरीफ विपणन वर्ष में कांकेर जिले में अब तक 66 हजार 938 किसानों द्वारा धान का विक्रय किया गया है, जिसके लिए उन्हें 06 अरब 68 करोड़ 95 लाख 50 हजार 639 रूपए का भुगतान किया गया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से मिली जानकारी के अनुसार धान खरीदी केंद्र अंतागढ़ के 957 किसानों को 05 करोड़ 17 लाख 77 हजार 307 रूपए, अभनपुर के 447 किसानों को 04 करोड़ 29 लाख 01 हजार 384 रूपए, अमोड़ा के 785 किसानों को 08 करोड़ 15 लाख 55 हजार 521 रूपए, चवांड़ के 557 किसानों को 05 करोड़ 93 लाख 42 हजार 325 रूपए, आमाबेड़ा के 805 किसानों को 05 करोड़ 60 लाख 27 हजार 123 रूपए, उसेली के 279 किसानों को 01 करोड़ 80 लाख 35 हजार 26 रूपए, बण्डापाल के 39 किसानों को 26 लाख 06 हजार 462 रूपए, मातलाब के 86 किसानों को 57 लाख 93 हजार 993 रूपए, आसुलखार के 471 किसानों को 03 करोड़ 59 लाख 43 हजार 232 रूपए, ईच्छापुर के 269 किसानों को 02 करोड़ 79 लाख 94 हजार 840 रूपए, मर्दापोटी के 164 किसानों 01 करोड़ 34 लाख 97 हजार 14 रूपए, आंवरी के 396 किसानों को 03 करोड़ 93 लाख 18 हजार 440 रूपए, उंकारी के 522 किसानों को 05 करोड़ 20 लाख 01 हजार 998 रूपए, उमरादाह के 436 किसानों को 03 करोड़ 82 लाख 45 हजार 841 रूपए, नावडबरी के 201 किसानों को 01 करोड़ 66 लाख 78 हजार 834 रूपए, एसेबेड़ा के 403 किसानों को 04 करोड़ 11 लाख 53 हजार 175 किसानों को 06 करोड़ 01 लाख 79 हजार 430 रूपए, सिकसोड़ के 189 किसानों को हजार 42 रूपए, पी.व्ही. 78 के 460 किसानों को 06 करोड़ 03 लाख 02 हजार 555 रूपए, पी.व्ही. 84 के 367 किसानों को 07 करोड़ 24 लाख 37 हजार 963 रूपए, है.

# सुनील शर्मा बने शहर कांग्रेस अध्यक्ष खरसिया कांग्रेस में हर्ष की लहर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,15 जनवरी।** विधानसभा क्षेत्र खरसिया शहर के कांग्रेसजनों में नई ऊर्जा एवं जान फूंकने के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री उमेश पटेल ने कांग्रेसजनो में लोकप्रिय, ऊर्जावान, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील शर्मा को शहर अध्यक्ष के पद पर नियुक्त कराया है। अपने विधायक के उपरोक्त निर्णय से खरसिया शहर एवं नगरपालिका क्षेत्र के कांग्रेसजनो में अपार उत्साह देखा जा रहा है। नगर के वरिष्ठ एवं आम कांग्रेस कार्यकर्ता नारे लगाते हुए लगातार सुनील शर्मा के निवास स्थान पहुंच रहे है तथा फटाके फोड़कर एवं मिठाइयां बांटकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे है।वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने चर्चा के दौरान बताया की सुनील शर्मा में अपार नेतृत्व क्षमता है जो सभी को साथ लेकर चलते है एवं इनके अध्यक्ष बनने से शहर कांग्रेस और अधिक मजबूत होगी तथा संगठन को इनके अनुभव का लाभ मिलेगा। उपरोक्त नियुक्ति पश्चात कांग्रेसजनो के साथ जुलूस की शक्ल में सुनील शर्मा ने खरसिया विश्राम गृह चौक पहुंचकर स्व. नंदकुमार पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया।नवनियुक्त शहर अध्यक्ष सुनील शर्मा ने उपरोक्त नियुक्ति पर चर्चा करते हुए बताया की हमारे लोकप्रिय नेता एवं अजेय विधायक माननीय उमेश पटेल जी का स्नेह एवं प्यार मुझपर हमेशा से रहा है उन्होंने जो विश्वास व्यक्त किया है उसे पूर्ण करने के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा।

# दुधावा चौकी क्षेत्र में महिला व बच्ची के कथित गुमशुदगी मामले की सच्चाई आई सामने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सरोना,15 जनवरी ।** कांकेर जिले के थाना नरहरपुर अंतर्गत चौकी दुधावा क्षेत्र से जुड़ा एक मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें ग्राम बांगाबारी निवासी श्रीमती जयमति नेताम द्वारा एक महिला एवं उसकी तीन वर्षीय बच्ची को दलाल के माध्यम से कहीं भेजे जाने की बात कही जा रही थी। सोशल मीडिया पर मिली इस सूचना को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान में लिया और पूरे मामले की त्वरित जांच के निर्देश दिए।

पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की गई, जिसमें संबंधित महिला श्रीमती सतरूपा सलाम पति बरातू सलाम उम्र 27 वर्ष निवासी किलेपार एवं उसकी तीन वर्षीय बेटी कुमारी रिशु के संबंध में जानकारी जुटाई गई। जांच के दौरान पुलिस ने सतरूपा सलाम से वीडियो



कॉल के माध्यम से संपर्क स्थापित किया और पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आई।जांच में यह तथ्य सामने आया कि सतरूपा सलाम का पति बरातू सलाम पेशे से ड्राइवर है, जो लंबे समय तक घर से बाहर रहता था। बताया गया कि वह शराब पीने का आदी है और घर आने पर अक्सर सतरूपा के साथ मारपीट करता था। पारिवारिक प्रताड़ना से परेशान होकर सतरूपा सलाम करीब एक वर्ष पूर्व एक अज्ञात मोबाइल नंबर से संपर्क में आई, जिससे बातचीत के दौरान प्रेम संबंध स्थापित हो गया। बाद में उक्त व्यक्ति की पहचान रमेश गुर्जर निवासी पीपलदा सुजानपुर, थाना भानपुरा, जिला मंदसौर, मध्यप्रदेश के रूप में हुई। सतरूपा सलाम ने अपनी मर्जी से रमेश गुर्जर के पास जाकर उससे विवाह कर लिया और अपनी तीन वर्षीय बेटी कुमारी रिशु को भी अपने साथ रखा। पुलिस जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि महिला और बच्ची के साथ किसी प्रकार की आपराधिक घटना नहीं हुई है और दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं।पुलिस द्वारा वीडियो कॉल के माध्यम से सतरूपा सलाम की बातचीत उसके परिजनों से भी कराई गई, जिससे परिजनों को उसकी स्थिति की जानकारी दी गई। मामले में बरामदगी की औपचारिक कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि ग्राम बांगाबारी निवासी श्रीमती जयमति नेताम द्वारा महिला और बच्ची को किसी दलाल के माध्यम से कहीं भेजे जाने की बात पूरी तरह गलत है।

# औद्योगिक सुरक्षा उल्लंघन पर की जा रही कार्रवाई

**रायगढ़, 15 जनवरी।** रायगढ़ जिले में संचालित औद्योगिक इकाइयों में श्रमिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा औद्योगिक दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े मामलों की समय-समय पर समीक्षा की जाती है तथा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं।

इसी क्रम में जिले की औद्योगिक इकाइयों में घटित दुर्घटनाओं के बाद निरीक्षण के दौरान पाई गई गंभीर अनियमितताओं एवं श्रमिक सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर कार्यालय उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, रायगढ़ द्वारा कारखाना अधिनियम, 1948, छत्तीसगढ़ कारखाना नियमावली, 1962 तथा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 एवं नियम 2008 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की गई।

उप संचालक द्वारा किए गए निरीक्षणों के आधार पर 6 औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध 6 आपराधिक प्रकरण श्रम न्यायालय रायगढ़ में प्रस्तुत किए गए थे, जिनका माह दिसम्बर 2025 में निराकरण किया गया। श्रम न्यायालय द्वारा सुनवाई उपरांत सुरक्षा मानकों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर संबंधित औद्योगिक इकाइयों के अधिभोगियों एवं कारखाना प्रबंधकों को अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।मेसर्स जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (1 एमपीए स्लैग ग्राइंडिंग यूनिट), खरसिया रोड रायगढ़ में कारखाना अधिनियम की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन पर अधिभोगी श्री सब्यसाची बन्योपाध्याय एवं कारखाना प्रबंधक श्री अमरेश पांडे को क्रमशः 1.50-1.50 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मेसर्स नलवा स्पेशल स्टील लिमिटेड, ग्राम तराईमाल में सुरक्षा प्रावधानों की अनदेखी पर अधिभोगी श्री सरदार सिंह राठी एवं कारखाना प्रबंधक श्री रविन्द्र सिंह चौहान को 1.40 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।मेसर्स सिंघल स्टील एंड पावर लिमिटेड, ग्राम तराईमाल में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम के उल्लंघन पर संचालक श्री विनय कुमार शर्मा एवं ठेकेदार श्री अजय कुमार दास पर 6-6 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया। इसी इकाई में कारखाना अधिनियम के एक अन्य प्रकरण में अधिभोगी श्री विनय कुमार शर्मा एवं कारखाना प्रबंधक श्री जी.के. मिश्रा को कुल 2.80 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मेसर्स एनआरव्हीएस स्टील्स लिमिटेड, ग्राम तराईमाल में अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक श्री पवन अग्रवाल को 1.60 लाख रुपये तथा मेसर्स एन.आर. इस्पात एंड पावर प्रा.लि., ग्राम गौरमुड़ी, पोस्ट सराईपाली में अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक श्री मोहित कुमार मिश्रा को 1.60 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# भारतीय सेना लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी:कलेक्टर

**रायगढ़, 15 जनवरी।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 10वां सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस पूरे सम्मान, गौरव और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस हमारे लिए सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों के प्रति आदर व्यक्त करने के लिए एक अवसर है। इस दौरान शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता श्री सुभाष त्रिपाठी एवं माता श्रीमती आशा त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने भारतीय सशस्त्र बलों की गरिमा, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सेना से जुड़ा हुआ है। भारतीय सेना, चाहे वह थलसेना, वायुसेना, नौसेना, तटरक्षक बल अथवा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल हों, सभी ने सदैव अद्वितीय नैतिकता, अनुकरणीय प्रतिबद्धता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की परंपरा का निर्वहन किया है। कलेक्टर ने कहा कि विश्व के अनेक देशों में सैन्य शक्ति और लोकतंत्र के बीच टकराव देखने को मिलता है, लेकिन भारत में सेना पूरी तरह से लोकतांत्रिक ढांचे के अंतर्गत कार्य करती है, जो देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए सीमा क्षेत्रों में तैनाती, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और सैनिकों की सतर्कता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सीमाओं पर तैनात भारतीय सैनिक हर परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए तैयार रहते हैं और उनकी सजगता ही भारत की सुरक्षा की सबसे मजबूत ढाल है।

कलेक्टर ने युवाओं और एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना सदैव युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रही है और देश का हर युवा कभी न कभी सेना में जाने का सपना देखता है। कलेक्टर ने भूतपूर्व सैनिकों, उनके परिवारजनों और सैनिक विधवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन उनके सम्मान, कल्याण और किसी भी आवश्यक सहायता के लिए सदैव तत्पर है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर हरीशचन्द्र तिवारी (से.नि.) ने बताया कि सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस प्रति वर्ष 14 जनवरी को भारतीय सशस्त्र सेनाओं (थल सेना, वायु सेना, नौसेना)के जो जवान सरहद व दूर-दराज क्षेत्रों में मातृ-भूमि की रक्षा करते हुए शहीद हो गए है, उनके पुण्य स्मरण करने एवं उनके सम्मान में भारतीय थल सेना के प्रथम थल सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल के.एम.करियप्पा के सेवानिवृत्ति दिवस (14 जनवरी 1953) पर मनाया जाता है।समारोह में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, एनसीसी के कमाण्डिग ऑफिसर कर्नल प्रवीण तेवतिया तथा रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के भूतपूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट्स एवं आईसीआईसीआई बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों का कांकेर में शानदार स्वागत

■ नियुक्ति के बाद प्रथम आगमन पर आतिशबाजी व बाजे-गाजे के साथ हुआ जोरदार अभिनंदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कांकेर,15 जनवरी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भीमा मरकाम एवं प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर के नियुक्ति के पश्चात् आज प्रथम बार कांकेर आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा कांकेर द्वारा भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू गोपाल साहू एवं जिला महामंत्री घनेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों और उत्साहपूर्ण नारों के साथ दोनों पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। मरकाम एवं श्री ठाकुर के कांकेर पहुंचते ही युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए पुराने बस स्टैण्ड परिसर में उनका सम्मान किया। इस दौरान भीमा मरकाम एवं कुणाल ठाकुर को धान से तौला गया, जो क्षेत्रीय परंपरा और किसानों के प्रति सम्मान का प्रतीक रहा। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।स्वागत कार्यक्रम के पश्चात् युवा मोर्चा कांकेर की ओर से दोनों पदाधिकारियों को भगवान श्रीराम दरबार का छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजपा की रीढ़ है। पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम में युवा मोर्चा की सक्रिय भूमिका स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है। देश का युवा ही भारत का भविष्य है और युवा मोर्चा के माध्यम से देश को भावी नेतृत्व प्राप्त होता है।उन्होंने कहा कि आज भाजपा के अधिकांश वरिष्ठ नेता कभी न कभी युवा मोर्चा से ही निकलकर आगे बढ़े हैं। पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास किया जाएगा तथा पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने का संकल्प लिया गया। युवा मोर्चा के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत करते हुए नए नेतृत्व को आगे लाने का कार्य निरंतर किया जाएगा।पुराने बस स्टैण्ड में स्वागत कार्यक्रम के उपरांत युवा मोर्चा का काफिला स्थानीय नरहर देव मैदान की ओर रवाना हुआ, जहां युवा मोर्चा द्वारा आयोजित स्वदेशी पतंग महोत्सव में दोनों पदाधिकारियों ने सहभागिता की। इस आयोजन में भी युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।इस स्वागत कार्यक्रम में अशोक वलेचा, राजा देवनानी, संजय सिन्हा, उत्तम जैन, निपेन्द्र पटेल, पप्पू मोटवानी, ईश्वर कावड़े, जयंत अठभेया, तनूज ठाकुर, राकेश शर्मा, दशरथ साहू, पीयूष वलेचा, हर्षल गजबिये, शिल्पा साहू, मोंटी खटवानी, नितेश सलाम, अंकित तिवारी, जतिन अठभेया सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धान उठाव नहीं होने से बासनवाही उपार्जन केंद्र में अव्यवस्था



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सरोना,15 जनवरी। सरोना** तहसील के अंतर्गत आने वाली आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बासनवाही के धान उपार्जन केंद्र में धान का समय पर उठाव नहीं होने के कारण किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खरीदी केंद्र में पहले से ही भंडारण की समस्या बनी हुई है, वहीं उठाव की धीमी प्रक्रिया ने हालात को और गंभीर बना दिया है।

स्थिति यह है कि किसान धान लेकर केंद्र तक तो पहुंच रहे हैं, लेकिन जगह के अभाव में उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, कई बार बिना धान बेचे ही लौटना मजबूरी बन गई है।समिति प्रबंधक गुलेश्वर साहू ने बताया कि वर्तमान खरीदी सत्र में अब तक कुल 37253.20 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जबकि समिति की निर्धारित बफर लिमिट मात्र 9600 क्विंटल है। बफर लिमिट से कई गुना अधिक धान की खरीदी होने के कारण केंद्र में भंडारण का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 57260 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है, इसके बावजूद पर्याप्त जगह खाली नहीं हो पा रही है, जिससे नए किसानों का धान रखने में समस्या उत्पन्न हो रही है। धान उपार्जन केंद्र में अव्यवस्था का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। किसान सुबह-सुबह अपने साधनों से धान लेकर केंद्र पहुंचते हैं, लेकिन गोदाम और खुले प्लेटफार्म पूरी तरह भरे होने के कारण उन्हें धान उतारने की अनुमति नहीं मिल पाती। कई किसानों ने बताया कि उन्हें मजदूरी, परिवहन और समय का अतिरिक्त नुकसान उठाना पड़ रहा है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह स्थिति और भी कठिन है, क्योंकि वे रोजाना धान लेकर आने में सक्षम नहीं होते।स्थानीय किसानों का कहना है कि यदि समय रहते धान उठाव की गति नहीं बढ़ाई गई, तो आने वाले दिनों में स्थिति और बिगड़ सकती है। मौसम में बदलाव की आशंका के बीच खुले में रखे धान के खराब होने का भी खतरा बना हुआ है। किसानों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि तत्काल अतिरिक्त उठाव की व्यवस्था की जाए या वैकल्पिक भंडारण की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### ग्राम भिरौद, तहसील सरोना, जिला कांकेर में 17 से 19 जनवरी तक होगा रामायण

# विभिन्न जिलों की रामायण मंडलियां देंगी प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सरोना,15 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय तीन दिवसीय स्वर मानस गान महोत्सव 2026 का आयोजन ग्राम भिरौद, तहसील सरोना, जिला कांकेर में किया जा रहा है। यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव दिनांक 17 जनवरी 2026, शनिवार से प्रारंभ होकर 19 जनवरी 2026, सोमवार तक चलेगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। रामायण प्रेमियों और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े लोगों के लिए यह महोत्सव एक विशेष अवसर साबित होने जा रहा है।

इस राज्य स्तरीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से रामायण मंडलियों की टीमें भाग लेने पहुंचेंगी। दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाली ये मंडलियां स्वर मानस गायन के माध्यम से रामकथा का सुंदर और भक्तिमय प्रस्तुतीकरण करेंगी। आयोजन स्थल पर तीन दिनों तक भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक वातावरण बना रहेगा, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का संचार होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आसाराम नेताम होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भानुप्रताप साहू, दुर्गा राइस मिल दुधावा के द्वारा की जाएगी। वहीं विशेष अतिथि के रूप में गुमान कुमार गजबल्ला, तु.मा. प्रतिष्ठान जिला अध्यक्ष कांकेर, गोवर्धन गजबल्ला प्रदेश संरक्षक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिंन्हा सहित कई गणमान्य अतिथि कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में जितेंद्र नायक, गोपी मरकाम, फुलचंद नेताम, बिसमबर नेताम, रामचंद्र नेताम एवं राजेश कुंजाम की भी विशेष उपस्थिति रहेगी। सभी अतिथियों की मौजूदगी से आयोजन को सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक स्तर पर भी विशेष महत्व मिल रहा है।आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है तथा बाहर से आने वाली रामायण मंडलियों एवं श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। आयोजकों का कहना है कि यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करेगा, बल्कि आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता को भी बढ़ावा देगा।इस अवसर पर समस्त रामायण प्रेमियों, श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का सादर आमंत्रण दिया गया है। आयोजन से संबंधित उक्त जानकारी दानेश्वर शर्मा महाराज, ग्राम भिरौद के द्वारा दी गई।

### सरायपाली में राइस मिल में बड़ी कार्रवाई

**महासमुंद 15 जनवरी ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में राइस मिलों का भौतिक सत्यापन सतत जारी है। इसी क्रम में सरायपाली विकासखंड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद के नेतृत्व में बालोदिया राइस मिल में भौतिक सत्यापन (पीवी) के दौरान 61,203 बोरा धान की कमी दर्ज की गई।अवैध धान एवं चावल के भंडारण पर खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बालोदिया राइस मिल में भौतिक सत्यापन (पीवी) के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाई।

# श्री रामलला की शोभायात्रा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## मनमोहक झांकी,राउत नाचा,पंथी गीत के नृत्य करती मंडलियां रही आकर्षण का केंद्र



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 15 जनवरी।** धर्मनगरी में ऐतिहासिक पर्व की तरह इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष के मकर संक्रांति के पावन पर्व पर रामलला की स्थापना दिवस पर मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के तत्वाधान में नीचे मंदिर प्रांगण से भगवान् राम माता जानकी लक्ष्मण को आकर्षक रथ में सजाकर विशाल भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान मनमोहक झांकी जिसमें राधा कृष्ण, भगवान् राम की भक्ति में डूबे हनुमान सहित सुसज्जित मंडलियों जिसमें राउत नाचा, पंथी गीत के द्वारा नृत्य संगीत की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहे। नगर के हजारों श्रद्धालुगण शामिल हो राम जी भक्ति भावना करते जयकारे के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए। वहीं दूसरी ओर रामललाजी के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर गोल बाजार स्थित हनुमान चौक की स्थापना विधि विधान से पूजा अर्चना कर ध्वजा लहरा किया गया। इस अवसर पर हनुमान भक्त समिति के सदस्यों ने रामलला की पालकी शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत अभिनंदन करते पूजा अर्चना कर हनुमान चौक की स्थापना कर भक्तों के लिए भोग भंडारा का आयोजन किया गया। हिंदू नववर्ष के पावन पर्व पर प्रातः काल से मंदिर देवालयों में भीड़ उमड़ी रही और भक्तगण नववर्ष में परिवार व प्रदेश की खुशहाली की मंगल कामनाओं के साथ अपने आराध्य देवी देवताओं के दर्शन लाभ ले मनोवांछित आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मनमोहक झांकी प्रस्तुति ने भक्तों का मन मोहा

श्री रामलला जी की पालकी यात्रा में प्रथम झांकी में रामलला के साक्षात् रूप के सामने हनुमानजी की भक्ति भावना व द्वितीय झांकी में राधा कृष्ण के वेशभूषा में भक्ति मय नृत्य संगीत की मनमोहक प्रस्तुति ने भक्तगणों का मन मोह लिया। वहीं यात्रा शामिल में रामायण मंडली, राउत नाचा सहित आकृषित टैडी वियर ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति देते हुए नगर के गोल बाजार, भगत सिंह चौक, सेठ पारा, बुधवारी पारा, रेलवे चौक, खंडूपारा, जयस्तंभ चौक, अग्रसेन चौक से होते हुए पुनः नीचे मंदिर प्रांगण पहुंची। इस दौरान नगर के हर चौक चौराहों पर भक्तजनों द्वारा भव्य शोभायात्रा का स्वागत सत्कार करते रामलला की पूजा अर्चना कर नववर्ष में परिवार के सुखमय जीवन की मंगल कामना के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं पावन पर्व पर रेलवे चौक स्थित महादेव मंदिर में भक्तों के भंडारा का आयोजन रखा गया था। शोभायात्रा में मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गटटानी, मंत्री महेन्द्र परिहार, पीतांबर स्वामी, चंद्रप्रकाश मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, योगेश अग्रवाल, प्रकाश बिंदल, बबलु शांडिल्य, संजू गोमास्ता, गौतम चोपडा, अशोक साहू, केशव नरेडी, राजू छाजेड, तरूण हत्थेल, धीरज मेश्राम, रिंकु बंसल, हरीश भंडारी, आशीष नरेडी, नितिन शांडिल्य, मोनु बिंदल, शिव शर्मा, नवीन बंसल, अंकुर अग्रवाल सहित नगर के हजारों भक्तजन शामिल हुए।

## समाचार संक्षेप

### हरीश भंडारी नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष घोषित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 15 जनवरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुसंशा पर धर्मनगरी के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरीश भंडारी को ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आपको बता दें कि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरीश भंडारी वर्षों से कांग्रेस से जुड़े है और समय समय पर पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियो का पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करते पार्टी हित में समर्पित हो कार्य करते आए है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी में एक ऐसे ब्लॉक अध्यक्ष चुनने का निर्णय लिया गया जो जनता के बीच मिलनसार व्यक्तित्व, दिल के साफ संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी है। भंडारी को नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर घोषित होते ही नगर सहित ग्रामीण अंचलों के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए आतिशबाजी कर मिठाई बांटते हुए भंडारी को बधाई व शुभकामनाएं देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व नपा अध्यक्ष धीरज मेश्राम, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप शर्मा, रिम्मी भाटिया, फिरंगी लाल पटेल, एडविन हैदर, रूपचंद खोब्रागड़े शिशुपाल भारती, संजीव गोमास्ता, संजय श्रीवास्तव, लाल धीरेन्द्र प्रताप, नलिनी मेश्राम, संध्या देशपांडे, किरण देउडकर, शिव निषाद, आशीष सिंग, किरण मेश्राम, निधि गजभीये, संजय वशिष्ठ, दशरथ ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, इंदरपाल राजा, मतीन खान, प्रमोद टेंभुरकर, नरेश करसे, प्रकाश महानदी, वीरेंद्र पाल, गणेश साहू, विष्णु लोधी, कृष्णा लिल्हारे, दिनेश साखरे, निजार जीवा, आनंद सोनी, अक्षय चौरडीया, गणेश प्रसाद, चुम्मन साहू, बब्बू भाटिया, ममता शिंदे, संतोष तिवारी, अश्वनी फुले सहित कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भंडारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय मां शाकम्भरी जयंती महोत्सव 22 जनवरी को

**डोंगरगढ़/एल बी नगर, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य स्तरीय मां शाकम्भरी जयंती महोत्सव 22 जनवरी दिन गुरुवार को मनाया जाएगा। जिसमे महिलाओं द्वारा हजारों की संख्या में कलश लेकर प्रभात फेरी के साथ, शोभायात्रा निकाली जाएगी, उसके बाद मां शाकंभरी देवी की पूजा आरती होगा। साथ ही महाप्रसादी वितरण होगा, साथ ही साथ अतिथियों का आगमन और स्वागत होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव अध्यक्षता सुनील पटेल प्रदेश अध्यक्ष छ. ग.को.म समाज विशिष्ट अतिथि नवाज खान नैनसिंह पटेल अध्यक्ष जिला कोसरिया मरार समाज, भावेश सिंह पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगढ़, देवेन्द्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत लाल बहादुर नगर, हीरा सोनीअध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रहेंगे। कोसरिया मरार (पटेल) समाज के आयोजको ने समस्त श्रद्धालूओ और नागरिकों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य अवसर का लाभ लेने की अपील की हैं।



**तिल्दा नेवरा, 15 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अनुशंसा शैलेश नितिन त्रिवेदी के आशीर्वाद से तिल्दा नेवरा ब्लॉक शहर अध्यक्ष पद पर अजितेश शर्मा की नियुक्ति पर मगर के नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है नगर में एक बार काग्रेस से शर्मा की मुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त किया है।

### निधन

### डॉ.राजेश राउतकर

**डोंगरगढ़, 15 जनवरी।** डॉ.राजेश राउतकर पिता किशनलाल राउतकर निवासी मिसियाबाड़ा, वार्ड नं 9 कालकापारा का निधन 14 जनवरी को प्रातः लगभग 6:30 बजे हार्ट अटैक आने से हो गया। जिनकी अंतिम शव यात्रा दोपहर 4 बजे उनके निज निवास से छिरपानी स्थित मुक्तिधाम जाकर पंचतत्व में विलीन हुई। राउतकर मिलनसार, मददगार, हंसमुख व्यक्तिव के धनी थे, वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र चिकित्सक के पद पर पदस्थ थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर के जनप्रतिनिधिगण सहित सामाजिक सेवा संस्थान व हॉस्पिटल स्टॉफव वार्डवासी बड़ी संख्या में शामिल हो उनके निधन पर शोक प्रकट हुए श्रद्धेय श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# रसेडा समिति में अवैध धान खपाने वाले किसान पर प्रशासन ने की कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 जनवरी।** शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और अवैध धान के भंडारण पर लगाम कसने हेतु राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रसेडा समिति में एक किसान द्वारा अवैध रूप से धान खपाने के प्रयास को विफल किया गया। जाँच टीम ने मौके से 24 क्विंटल अवैध धान बरामद कर उसे ग्राम कोटवार की सुपुर्दगी में दे दिया है। संबंधित किसान के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसका रकबा समर्पण भी कराया गया है ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितता पर रोक लगाई जा सके।

इसी प्रकार ग्राम खैरी में कृषक रविन्द्र नेताम द्वारा आगामी 16 जनवरी 2026 के लिए 81 क्विंटल धान विक्रय हेतु टोकन कटवाया गया था। प्रशासनिक टीम द्वारा जब किसान के घर पहुँचकर भौतिक सत्यापन किया गया, तो वहां भंडारण में कोई भी धान उपलब्ध नहीं पाया गया। घर में धान का स्टॉक शून्य होने के बावजूद भारी मात्रा में टोकन कटवाना स्पष्ट रूप से अवैध धान खपाने की योजना को दर्शाता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने तत्काल पंचनामा तैयार किया और संबंधित समिति को किसान का रकबा समर्पण करने हेतु निर्देशित कर दिया है। प्रशासन ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या बिचौलियों का साथ देने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अब तक 158 प्रकरणों में 6814 क्विंटल अवैध धान जब्त

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अवैध धान परिवहन, भण्डारण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। कृषि उपज मण्डी समिति द्वारा अब तक 158 प्रकरणो में 6814 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है जिसका मूल्य 15613975 रुपये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि उपज मण्डी समिति, बलौदाबाजार के द्वारा 83 प्रतिष्ठानों में 2457.40 क्विंटल राशि 54, 09, 920 रूपये, कृषि उपज मण्डी समिति, भाटापारा के द्वारा 54 प्रतिष्ठानों में 3397.14 क्विंटल, राशि 80, 41, 035 रूपये एवं कृषि उपज मण्डी समिति, कसडोल के द्वारा 21 प्रतिष्ठानों में 959.80 क्विंटल राशि 21, 63, 020 रूपये का अवैध धान जब्त किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यापारियों को स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि धान उपार्जन अवधि में अवैध परिवहन, भण्डारण एवं वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले में अवैध धान के परिवहन को रोकने हेतु 12 चेक पोस्ट स्थापित किया गया है। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के नेतृत्व में दल गठन कर लगातार छापे की कार्यवाही की जा रही है। धान उपार्जन व्यवस्था में पादर्शिता के उद्देश्य से कार्यवाही लगातार जारी है।

### चाकू से वार कर फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 15 जनवरी।** मामूली ऑटो किराया विवाद में युवक पर चाकूनुमा हथियार से वार कर फरार हो जाने वाले आरोपी मनीष गेडाम को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आपको बता दें कि 3 जनवरी 2026 को लगभग शाम 5.30 बजे नगर के सबसे व्यस्त इलाके नया बस स्टैंड में मामूली ऑटो किराए के विवाद को लेकर ऑटो चालक दिनेश कुर्रे पर मनीष गेडाम के द्वारा चाकूनुमा धारदार हथियार से वार कर मौके से फरार हो गया था, हमले में दिनेश के कमर के पास गंभीर चोट आई थी। जिसके बाद प्रार्थी दिनेश कुर्रे पिता स्व बबलू कुर्रे निवासी रविदास नगर डोंगरगढ़ की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 118(1), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपी की पता तलाश की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के दिशानिर्देश पर पुलिस ने अपना जाल बिछाया और मुखबिर की सूचना पर आरोपी मनीष गेडाम पिता अरुण गेडाम निवासी चंद्रपुर, महाराष्ट्र को 14 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल रवाना कर दिया गया।

### बलौदाबाजार में युवक-युवती परिचय सम्मेलन 18 को

**बलौदाबाजार, 15 जनवरी।** सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर के तत्वावधान में विवाह योग्य सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 18 जनवरी रविवार को महंत नैन दास स्मृति स्थल बस स्टेंड के पास बलौदाबाजार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। जिला मीडिया प्रभारी राजेश्वर गिरी ने बताया कि समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष यह सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित होता आ रहा है। इस मंच के माध्यम से समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक ही स्थान पर सहज रूप से वर-वधु चयन का अवसर मिलता है, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होती है। हर वर्ष बड़ी संख्या में योग्य जोड़े यहां तय होते हैं। कार्यक्रम में विधवा, विधुर, परित्यक्ता और तलाकशुदा प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं। सम्मेलन स्थल पर कार्यक्रम दिवस में पंजीयन की विशेष सुविधा सुबह 10 बजे से उपलब्ध रहेगी। प्रतिभागियों और उनके परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई है।

# धान खरीदी में लापरवाही पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 जनवरी।** जिले में पारदर्शितापूर्ण धान खरीदी सुनिश्चित करने जिला प्रशासन द्वारा चाक -चौबंद व्यवस्था की गई है। बिचौलियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी के. निर्देश पर भौतिक सत्यापन में 124 क्विंटल धान की कमी पाए जाने पर धान खरीदी प्रभारी पर ऋषि कुमार शर्मा पर सख्त कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के 5 जनवरी को निरीक्षण के द्वारा उपार्जन केन्द्र मनोहरा का भौतिक सत्यापन किया गया।भौतिक सत्यापन के दौरान उपार्जन केन्द्र में कुल 124.80 क्वींटल (313 कक्षा) धान कीमत राशि 295651.20 रुपये की कमी पाया गया। धान उपांजन केन्द्र मनोहरा के धान खरीदी प्रभारी ऋषि कुमार शर्मा के द्वारा शासन की धान को छल पूर्वक शासन को सदोष हानि पहुंचाते हुये अमानत में खयानत व कृत्य पर उपायुक्त सकारिता के निर्देशानुसार थाना हथबंद में 13 जनवरी 2026 को धान खरीदी प्रभारी ऋषि कुमार शर्मा के विरुद्ध प्रथम सुचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202601201500010/ अ-6/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती देवीका सेन पिता स्व. बाबुलाल पति जगमोहन सेन उम्र 39 वर्ष निवासी मरारपारा वार्ड कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) हाल पता आठवीं बटालियन पेड़ी राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला रोजगारीपारा कोण्डागांव में स्थित भूमि शीट नंबर-02 भूखण्ड क्रमांक 72/16 क्षेत्रफल 2640 वर्गफुट भूमि आवासीय मकान नजूल संधारण में बाबूलाल पिता लखनलाल नाई सा.देह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका द्वारा 1. शैलेन्द्र सेन पिता स्व. बाबुलाल सेन उम्र 44 वर्ष 2. उपेन्द्र सेन पिता स्व. बाबुलाल सेन उम्र 42 वर्ष 3. टाकेवर सेन पिता स्व. बाबुलाल सेन उम्र 37 वर्ष सभी निवासी मरारपारा वार्ड कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) को अनावेदक उल्लेखित करते हुए आवेदिका द्वारा अपने पिता स्व. बाबूलाल पिता लखनलाल नाई की दिनांक 18.05.2018 को मृत्यु होने के कारण छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् आवेदित भूमि से फौती का नाम खारिज कर वैध वारिसों का नाम दर्ज किये जाने हेतु तलवाना, मेन्टीनेन्स खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपति करना हो तो वे दिनांक 27.01.2026 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.01.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202601092200035**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:-2025-2026
मेरेगांव प.ह.न. 00031 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- चुम्मन,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चुम्मन आ. भगतसिंह जाति कंवर निवासी मेरेगाँव तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं चुम्मन आ. भगतसिंह का जन्म दिनांक 12/03/1996 को मेरेगाँव में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30/01/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/01/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, तहसील-डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202601092200036**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:-2025-2026
मेरेगाँव प.ह.न. 00031 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- हितेश कुमार,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हितेश कुमार आ. नारदराम जाति केंवट निवासी मेरेगाँव तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं हितेश कुमार आ. नारदराम का जन्म दिनांक 06/10/2004 को मेरेगाँव में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30/01/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/01/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, तहसील- डोंगरगढ़


## रोड सेफ्टी एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत पेंटिंग, वाल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतिभागी बच्चों में दिखा गजब का उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 15 जनवरी।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में 14 जनवरी। को पुलिस कम्युनिटी हाल पुलिस लाइन बलौदाबाजार में रोड सेफ्टी एवं यातायात जागरूकता श्रृंखला के तहत विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संपूर्ण आयोजन का मूल विषय रोड सेफ्टी, साइबर जागरूकता एवं महिला सशक्तिकरण था, जिसके तहत पेंटिंग, वॉल आर्ट एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में भावना गुप्ता पुलिस अधीक्षक, संजय पांडेय प्राचार्य अंबुजा विद्यापीठ रवान, अर्चना ठाकुर समाजसेवी, डॉक्टर खुशबू बाजपेई महिला चिकित्सक द्वारा दीप प्रज्वलन, माता सरस्वती की पूजा एवं अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की उम्र एवं अध्यनरत कक्षाओं के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में संपूर्ण प्रतियोगिता को विभाजित किया गया था। इस दौरान प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। प्रातः 08:00 बजे कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व ही बच्चों की अच्छी भीड़ पुलिस कम्युनिटी हाल के बाहर जमा हो गई थी। सभी बच्चों ने अति उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया एवं रोड सेफ्टी, महिला सशक्तिकरण एवं साइबर जागरूकता आदि के संबंध में उत्कृष्ट विचार, महत्वपूर्ण जानकारी एवं अन्य प्रमुख बिंदु पेंटिंग, वॉल आर्ट एवं फोटोग्राफी के रूप में प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण प्रतियोगिता में कल 300 बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान भावना गुप्ता द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि साइबर जागरूकता, यातायात नियमों की जानकारी बच्चों को स्कूल के समय से ही देने से, इनमें नियमों का पालन करने की आदत बाल्यकाल से ही बन जाती है। साथ ही बच्चे स्कूल में अपने सहपाठी बच्चों एवं घर में अपने परिजनों के साथ भी यातायात नियमों एवं साइबर जागरूकता के संबंध में दी गई जानकारी को साझा करेंगे, जिससे आम जनों में भी यातायात नियमों का पालन करने एवं साइबर अपराध के संबंध में जागरूक होंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे मन के सच्चे होते हैं, यातायात नियमों का पालन एवं साइबर जागरूकता के संबंध में पेंटिंग एवं वॉल आर्ट के रूप में उनका यह प्रदर्शन अत्यंत अनुकरणीय है। संपूर्ण प्रतियोगिता के तहत पेंटिंग, वॉल आर्ट एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले बच्चों को 31 जनवरी को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह समापन कार्यक्रम के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

संपूर्ण प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक संचालन में हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा, उप निरीक्षक प्रियेश जॉन प्रभारी यातायात बलौदाबाजार, प्रधान आरक्षक प्रेम निषाद, आरक्षक मनीष बंजारे शिवम संचालक टीम से अक्षय टंडन, विक्की साहू, शशि सिंह एवं हिमांशु तिवारी का विशेष योगदान रहा।


**शपथ पत्र**

मैं योगेन्द्र कुमार नाग पिता स्व. पंचम राम नाग उम्र 49 वर्ष, ग्राम घोटपाल नाका पारा तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा छ.ग. का निवासी हूं।

मेरी पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 9941 1585 2846 में मेरी पुत्री का नाम आरोही नाग पिता योगेन्द्र कुमार नाग (AROHI NAG D/O YOGENDRA KUMAR NAG) अंकित है, जो कि गलत एवं त्रुटिपूर्ण है।

मेरी पुत्री का वास्तविक व सहीं नाम गुनगुन नाग पिता योगेन्द्र कुमार नाग (GUNGUN NAG D/O YOGENDRA KUMAR NAG) अंकित है, जो कि सत्य एवं सहीं है जो कि मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों एवं जन्मप्रमाण पत्र में दर्ज नाम से प्रमाणित है।

मेरी पुत्री के उक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम आरोही नाग पिता योगेन्द्र कुमार नाग (AROHI NAG D/O YOGENDRA KUMAR NAG) के स्थान पर मेरे पुत्री का वास्तविक एवं सहीं नाम गुनगुन नाग पिता योगेन्द्र कुमार नाग (GUNGUN NAG D/O YOGENDRA KUMAR NAG) अंकित किया जावें।

उक्त शपथ पत्र में मेरी पुत्री का आधार कार्ड में नाम सुधार करने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता
योगेन्द्र कुमार नाग

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा**
(फोन/फैक्स नं.- 07856-252362, ई-मेल-eedan-phe-cg@nic.in )

निविदा सू.क्रं./21-22/DWSM/JJM/लो.स्वा.यां./2026 — दंतेवाड़ा, दिनांक 13/01/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ए' प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गयी है। (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां.विभाग रायपुर के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 पर आमंत्रित की जा रही है निविदाएं पूर्व मे कार्यादेशित ठेकेदारों के द्वारा कार्य पूर्ण नही कर पाने के कारण कार्य निरस्त कर पुनः शेष बचे कार्यों पर आधारित है। ठेकेदार निविदाएं साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें।

**कार्य का नामः- पाईप लाईन का कार्य (Risk & Cost)**

| क्र. | एन.आई.टी./ दिनांक एवं सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | निविदा आमंत्रण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21/13.01.2026 181068 | गोंगपाल/कुआकोण्डा रेट्रोफिटिंग (रिस्क एंड कॉष्ट) | प्रथम काल | 16.19 | 12150 |
| 2 | 22/13.01.2026 181112 | खुटेपाल/कुआकोण्डा रेट्रोफिटिंग (रिस्क एंड कॉष्ट) | प्रथम काल | 3.13 | 2490 |
| कुल योग | | | | 19.32 | |

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।
**टीप :-** निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनॉक 02.02.2026 है।

जी-252606026/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

### तालाब सौंदर्यीकरण में लापरवाही

# मूणत ने लगाई अधिकारियों को फटकार



**रायपुर, 15 जनवरी।** रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने आज नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के साथ कर्बला तालाब में चल रहे 2.44 करोड़ के सौंदर्यीकरण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता में भारी कमी और तकनीकी खामियों को देखकर विधायक मूणत का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर मौजूद जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता और अन्य तकनीकी अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर जमकर फटकार लगाई।

**बिना योजना के कार्य पर जताई आपत्ति:** विधायक मूणत ने स्थल पर पाया कि बिना किसी ठोस प्लान, ले-आउट और आवश्यकता के निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा, ÷विकास कार्यों के लिए लाई गई शासन की राशि अधिकारियों की अदूरदर्शिता और लापरवाही के कारण व्यर्थ की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**अधिकारियों से पूछे तीखे सवाल:** बच्चों के खेलने के लिए चिन्हित 'किड्स जोन' की जगह को अनुपयुक्त पाते हुए उन्होंने कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता से पूछा कि– आप इसी वक्त नापकर बताइए कि इतनी कम जगह में फिसल पट्टी और खेल सामग्री कैसे लगेगी? इस प्रश्न पर तकनीकी अधिकारी निरुत्तर नजर आए।

इसके साथ ही, बिना नींव के ही 'सेफ्टी वॉल' खड़ी किए जाने पर उन्होंने तकनीकी ज्ञान पर सवाल उठाते हुए पूछा कि– ÷बिना आधार के दीवार आखिर टिकेगी कैसे?÷ निर्माणाधीन दीवार के टूटने और सुरक्षा हेतु चौकीदार न होने पर भी उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

**अतिक्रमण पर कड़ा प्रहार:** तालाब परिसर में मंदिर के समीप निजी बाउंड्री वॉल और अवैध निर्माण पर मूणत ने तत्काल सीमांकन के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि तालाब की जमीन पर हुआ अवैध कब्जा शक्ति से हटाया जाए। जिन मामलों में माननीय न्यायालय का स्टे (स्थगन) है, उनमें तथ्यों को सही तरीके से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर स्टे 'वेकेट' (निरस्त) कराने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए।

**दोषी अधिकारियों को हटाने के निर्देश:** निरीक्षण के अंत में कार्यों में बरती जा रही घोर लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैये को देखते हुए विधायक राजेश मूणत ने आयुक्त को संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से वहां से शिफ्ट करने और अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए।

> विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होगा। अधिकारी एयरकंडीशन कमरों में बैठकर योजनाएं न बनाएं, जमीन पर उतरकर काम करें। कर्बला तालाब का काम बिना किसी विजन के किया जा रहा है, जो सरकारी खजाने की बर्बादी है। जनता की पाई-पाई का हिसाब लिया जाएगा और दोषी अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।
> **–विधायक राजेश मूणत**
>
> शहर के सौंदर्यीकरण के लिए आवंटित राशि का सही उपयोग होना आवश्यक है। निरीक्षण में जो खामियां पाई गई हैं, वे गंभीर हैं। हमने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी तकनीकी मापदंडों को पूरा करने के बाद ही कार्य आगे बढ़ाएं। अतिक्रमण और लापरवाही पर नगर निगम सख्त रुख अपनाएगा।
> **–महापौर मीनल चौबे**

**PICTURE-स्टोरी**



रायपुर। वंदेमातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर आज राजधानी के सुभाष स्टेडियम में विद्यार्थियों ने वंदेमातरम् का सामूहिक गान किया।

## ओपन स्कूल की 10वीं और 12वीं परीक्षा की समय-सारणी घोषित

रायपुर, 15 जनवरी। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर ने हाईस्कूल (10वीं) और हायर सेकण्डरी (12वीं) सर्टिफिकेट परीक्षा मार्च-अप्रैल 2026 के लिए समय-सारणी जारी कर दी है। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, 12वीं की परीक्षाएं 16 मार्च 2026 से 08 अप्रैल 2026 तक चलेंगी, जबकि 10वीं की परीक्षाएं 17 मार्च 2026 से 07 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएंगी।

### परीक्षा का समय और नियम

सभी परीक्षाएं सुबह 08.30 बजे से 11.45 बजे तक निर्धारित की गई हैं। परीक्षार्थियों को सुबह 08.30 बजे तक परीक्षा कक्ष में अपनी सीट ग्रहण करनी होगी। उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण 08.35 बजे और प्रश्न पत्र 08.40 बजे दिए जाएंगे। छात्र लेखन कार्य सुबह 08.45 बजे से शुरू कर सकेंगे।

**महत्वपूर्ण निर्देश:** अवकाश की स्थिति: परीक्षा अवधि के दौरान यदि शासन द्वारा कोई सार्वजनिक या स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तो भी परीक्षाएं यथावत रहेंगी।

**प्रायोगिक परीक्षा:** प्रैक्टिकल परीक्षाएं संबंधित केंद्राध्यक्षों द्वारा 08 अप्रैल 2026 तक संपन्न कराई जाएंगी। इसकी सटीक जानकारी छात्रों को सैद्धांतिक परीक्षा के दौरान केंद्रों से प्राप्त होगी।

**विस्तृत जानकारी:** छात्र विस्तृत समय-सारणी अपने निकटतम अध्ययन केंद्र या आधिकारिक वेबसाइट 222.ह्यश्ह्य.ष्द्द.ठ्ठद्ब.द्बठ्ठ से डाउनलोड कर सकते हैं।

सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल ने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे समय-सारणी का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें और अनुशासित होकर परीक्षा में शामिल हों। आवश्यकता पड़ने पर परीक्षा की तिथि या समय में परिवर्तन का अधिकार ओपन स्कूल प्रबंधन के पास सुरक्षित रहेगा।

## जैतू साव मठ में मनाई मकर संक्रांति



**रायपुर, 15 जनवरी।** मकर संक्रांति के अवसर पर दूधाधारी मठ, इनसे संबंधित जैतू साव मठ एवं अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना की गई एवं मकर संक्रांति वार्षिक फ्ल का वाचन किया गया। श्रद्धालु भक्तों ने श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित की। प्राप्त जानकारी के अनुसार दूधाधारी मठ एवं जैतू साव मठ में परंपरागत रूप से सांध्य कालीन बेला में मकर संक्रांति समैया उत्सव आरती संपन्न होने के उपरांत मकर संक्रांति वार्षिक फ्ल का वचन पुरोहितों के द्वारा किया गया। सभी राशियों से संबंधित तथा देश एवं राज्य की राजनीतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक पक्ष से संबंधित लाभ -हानि, उतार-चढ़ाव आदि समस्त बातों का सविस्तार वाचन किया गया। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि - मकर संक्रांति का पर्व प्रत्येक वर्ष सूर्य नारायण के उत्तरायण होने की उपलक्ष में श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया जाता है। इस दिन भगवान सूर्य नारायण की भी विशेष पूजा अर्चना की जाती है। दान- पुण्य, भगवत पूजन, आराधना, पवित्र नदियों में स्नान आदि से पुण्य लाभ प्राप्त होता है। दूधाधारी मठ एवं इससे संबंधित सभी स्थानों में परंपरागत रूप से मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। उन्होंने देशवासियों को शुभकामनाओं सहित बधाई दी। अजय तिवारी ने कहा कि - मकर संक्रांति के अवसर पर तील, गुड़ सहित अन्य पदार्थों के दान का अत्यधिक महत्व है लोगों को अपने सामर्थ के अनुसार दान करना चाहिए। इस अवसर पर विशेष रूप से महेंद्र अग्रवाल, रमेश यदु, चंद्रकांत यदु, दीपक पाठक, नागा महाराज, प्रणव वैष्णव, रामदेव दास, राम शिरोमणि दास, राम लोचन त्रिपाठी, रामप्रिय दास जी, नंदलाल फेकर, अशोक साहू, जनक राम साहू, राजा वैष्णव, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नगरीक गण सम्मिलित हुए।

**एक नजर**

### अमलीडीह-बोरियाखुर्द की 7 एकड़ अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर



**रायपुर, 15 जनवरी।** आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और जोन 10 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन 10 क्षेत्र अंतर्गत अमलीडीह में लगभग 4 एकड़ और बोरियाखुर्द में लगभग 3 एकड़ निजी भूमि पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पर तत्काल कारगर रोक लगायी गयी।
अवैध प्लाटिंग करने वालों के द्वारा वहाँ अवैध सड़क का निर्माण कर दिया गया था, जिसे सम्बंधित स्थल पर पहुंचकर नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर जोन 10 के नगर निवेश विभाग सहायक अभियंता योगेश यदु, सुशील अहीर, उप अभियंता, अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर वहाँ आवागमन को अवरुद्ध करने की कार्यवाही की गयी है। जोन 10 नगर निवेश विभाग द्वारा नियमानुसार रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर सम्बंधित निजी भूमियों के बारे में शीघ्र जानकारी देने कहा गया है। जानकारी मिलते ही सम्बंधित अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्यवाही राज्य शासन के अधिनियम के प्रावधान के अनुरूप करने सम्बंधित पुलिस थाना में नामजद एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

### पूर्व पार्षद चौबे को मकर संक्रांति की बधाई दी



**रायपुर, 15 जनवरी।** पूर्व पार्षद एवं नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा ने महापौर मीनल चौबे के पति पूर्व पार्षद छगन चौबे से उनके निवास पर गुलदस्ता देकर मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर रमेश आहूजा के साथ राजेन्द्र तिवारी तरपोंगी वाले भी साथ थे।

### आईसीएसआई रायपुर चैप्टर के नए भवन का भूमिपूजन

**रायपुर, 15 जनवरी।** इंस्टीट्यूट ऑफकंपनी सेक्रेटरीज ऑफइंडिया के रायपुर चैप्टर के नए भवन का भूमि पूजन समारोह आज कमल विहार, सेक्टर-8, रायपुर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर माननीय अरुण साव, उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि नंद कुमार साहू, अध्यक्ष - रायपुर विकास प्राधिकरण विशिष्ट अतिथि रहे। समारोह में धनंजय शुक्ला, पवन जी. चांडक , आशीष करोड़िया,बी. नरसिम्हन,प्रवीण सोनी, ऋषिकेश वाघ, वाई.सी. राव सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कंपनी सेक्रेटरीज की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सुशासन, पारदर्शिता और नीति निर्माण में सीएस प्रोफेशनल्स का योगदान विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने में अहम है।

# पोषण सुरक्षा और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में धांधली: बैज



**फोर्टीफाइड राइस के टेंडर शर्तों में बदलाव कर 200 करोड़ का भ्रष्टाचार**

**रायपुर, 15 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली और पोषण सुरक्षा के लिए जरूरी फोर्टीफाइड राइस एफआरके के टेंडर की शर्तों में षडयंत्र के तहत बदलाव कर 200 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि 2025-26 के लिए जारी टेंडर में एक हफ्ते के भीतर दुर्भावना पूर्वक बदलाव किया गया जिससे पूरी क्रय प्रक्रिया को नियंत्रित किया जा सके, सरकार के इस भेदभाव पूर्ण निर्णय से 80 प्रतिशत स्थानीय सप्लायर टेंडर की प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं, अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने दुगुने दाम पर खरीदी की तैयारी है, सरकारी खजाने में 200 करोड़ की चोट यह सरकार लगा रही है, सरकार का फोकस कमीशनखोरी की काली कमाई में हिस्सेदारी में है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि 19 दिसंबर 2025 को जारी टेंडर की शर्तों में बदलाव करते हुए भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिए 26 दिसंबर को नया टेंडर जारी किया गया जिसमें कई तकनीकी और वित्तीय शर्ते जोड़ी गई, जिसकी वजह से छत्तीसगढ़ के छोटे और मध्यम एफआरके निर्माता अयोग्य हो गए, अपने इस सरकार में खरीदी से पहले ही सब कुछ तय कर लिया जा रहा है और अपने चाहते फर्मों की लाभ पहुंचाने उनके अनुकूल शर्तें लादी जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार की दुर्भावना पूर्वक नीतियों के चलते हैं छत्तीसगढ़ के स्थानीय उद्योग और प्रोसेसिंग इकाइयां संकट में है। इस सरकार की गलत नीतियों के चलते विगत दो सालों में छत्तीसगढ़ की सैकड़ों राइस मिल बंद हो गई, स्थानीय राइस मिल इकाइयां और फोर्टीफिकेशन पर संकट उत्पन्न हो गया है, रायगढ़, बिलासपुर, जांजगीर, रायपुर और महासमुंद जिले के ज्यादातर मिले बंद होने के कगार पर है, इससे गरीब और बच्चों को मिलने वाला पोषणयुक्त चावल योजना सरकार के भ्रष्टाचार की भेट चढ़ रहा है।

### व्यापारियों को सशक्त बनाने वाला हो आगामी केंद्रीय बजट : कैट

**रायपुर, 15 जनवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी केंद्रीय बजट को ध्यान में रखते हुए कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्रीय वित्त मंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण को देशभर के व्यापारिक समुदाय की ओर से व्यापक एवं दूरदर्शी सुझाव प्रेषित किए हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त, पारदर्शी और आत्मनिर्भर भारत के विज़न के अनुरूप कैट ने ऐसे सुझाव दिए हैं, जो व्यापार को सम्मान, सरलता, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करते हैं। पारवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सरकार द्वारा ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस, वोकल फॉर लोकल, लोकल फॉर ग्लोबल, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने देश के व्यापारिक वातावरण को नई दिशा दी है। अब आवश्यकता है कि आगामी बजट में इन पहलों को और मजबूत किया जाए।

# मुख्यमंत्री करेंगे 21 को राडा ऑटो एक्सपो का शुभारंभ



**रायापुर, 15 जनवरी।** राजधानी के राम बिजनेस पार्क (ऑटो एक्सपो ग्राउंड) में आगामी 20 जनवरी से बहुप्रतीक्षित 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' का आयोजन होने जा रहा है। 17 दिनों तक चलने वाले इस ऑटोमोबाइल महाकुंभ का औपचारिक और भव्य उद्घाटन 21 जनवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा।

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस एक्सपो में सरकार की ओर से रोड टैक्स में दी गई 50 प्रतिशत की भारी छूट ग्राहकों के लिए मुख्य आकर्षण होगी। राडा अध्यक्ष रविंद्र भसीन ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री के साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री, ओ.पी. चौधरी, वित्त मंत्री और केदार कश्यप, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति की सहमति प्रदान की है। छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, एक्सपो स्थल से खरीदे गए गैर-परिवहन वाहनों (इलेक्ट्रिक वाहनों को छोड़कर) के लाइफ्टाइम टैक्स पर 50त्न की रियायत दी जाएगी। राडा के नेतृत्व ने इस निर्णय के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश के आर्थिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

## स्टाइपेंड रिवीजन और हॉस्टल सुविधाओं की मांग, दंत चिकित्सकों ने दिया धरना




**रायपुर, 15 जनवरी।** पीजी स्टूडेंट्स और इंटर्न्स ने अपनी मांगों को लेकर आज डेंटल कालेज के सामने धरना देकर प्रदर्शन किया। उन्होंने चिकित्सक स्टाइपेंड रिवीजन और बेहतर हॉस्टल सुविधाओं की मांग की है। डेंटल कॉलेज के चिकित्सकों ने तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। इस संबंध में कॉलेज के प्रचार्य को ज्ञापन भी सौंपा गया है। छात्रों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे वे आंदोलन के लिए मजबूर हुए हैं।

उनकी मांग है कि स्टाइपेंड रिवीजन को मेडिकल पोस्टग्रेजुएट स्टूडेंट्स की तरह बैकडेट से लागू किया जाना चाहिए। सरकारी मेडिकल कॉलेज के लिए सभी सरकारी नोटिस और फैसले अपने आप सरकारी डेंटल कॉलेज पर भी लागू होने चाहिए। महिला पीजी स्टूडेंट्स के लिए ज़्यादा हॉस्टल रूम की जरूरत है या अलग से पीजी गर्ल्स हॉस्टल दिया जाना चाहिए।

## हैंडबॉल स्पर्धा में यूटीडी बना चैंपियन



**रायपुर, 15 जनवरी।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में यूटीडी विजेता बना।

विप्र कॉलेज मैदान में खेले गए मैच में यूटीडी ने विप्र कॉलेज को 7 गोल से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया । खेले गए फाइनल मुकाबले में यूटीडी ने 22 एवं विप्र कॉलेज ने 15 गोल किए। यूटीडी के तुषार ने 7, तनुज ने 5 एवं योगी ने 5 व अन्य ने 5 गोल गोल किए। जबकि विप्र कॉलेज की ओर से अमरपाल ने 10 गोल कर के अकेले मुकाबला करने की कोशिश की। यूटीडी के तुषार को शानदार प्रदर्शन के कारण टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। इसके उपरांत समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने डा. रविंद्र मिश्रा (पूर्व सहायक संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ) की अध्यक्षता एवं डॉ .रूपेंद्र चौहान (समन्वयक उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन) ,डॉ. कर्मिष्ट शंभरकर,क्रीडा अधिकारी गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक परमेश खरे के विशिष्ट आतिथ्य में विजेता और उपविजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। यह जानकारी देते हुए विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र ट्रॉफी हैंडबॉल प्रतियोगिता मे खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर रायपुर सेक्टर टीम का गठन किया गया। जो 23 जनवरी से शासकीय महाविद्यालय रायगढ़ में होने वाले राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में होगी। प्रतियोगिता के निर्णायक मनोज प्रधान ,मनीष चंद्राकर ,आशुतोष ठाकुर ,अजय नेताम और सिप्टन रजा रहे। प्रतियोगिता डॉ .कैलाश शर्मा राजेश तिवारी ,डा. ज्ञानेंद्र भाई एवं पियूष उपाध्याय के निर्देशन में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों सहित विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

**महाभियान** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का नया कीर्तिमान

# 105.14 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी

**रायपुर, 15 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रहे धान खरीदी महाअभियान ने इस वर्ष ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। दिनांक 13 जनवरी 2026 तक खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक 17,77,419 किसानों से 105.14 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसके एवज में किसानों को 23,448 करोड़ की रिकॉर्ड राशि का भुगतान किया गया है। यह अब तक के सभी वर्षों की तुलना में 13 जनवरी तक की सबसे अधिक खरीदी और सबसे अधिक भुगतान है।

यदि पिछले वर्षों के 13 जनवरी तक के आंकड़ों से तुलना की जाए तो सरकार की यह उपलब्धि और भी स्पष्ट रूप से सामने आती है। खरीफविपणन वर्ष 2020-21 में 13 जनवरी तक 17,49,003 किसानों से 72.15 लाख धान की खरीदी की गई थी और 13,550 करोड़ का भुगतान हुआ था। वर्ष 2021-22 में इसी अवधि तक 17,09,834 किसानों से 68.77 एलएमटी धान खरीदा गया था, जिसके बदले 13,410 करोड़ किसानों को दिए गए थे। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में 13 जनवरी तक 22,14,302 किसानों से 97.67 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी और 20,022 करोड़ का भुगतान हुआ था। इन सभी वर्षों की तुलना में वर्ष 2025-26 में धान खरीदी की मात्रा और किसानों को वितरित की गई राशि दोनों ही उच्चतम स्तर पर पहुँच चुकी हैं। यह ऐतिहासिक बढ़ोतरी इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार की पारदर्शी खरीदी व्यवस्था, समयबद्ध भुगतान प्रणाली और किसान-हितैषी नीतियों ने प्रदेश के किसानों का भरोसा मजबूत किया है। किसानों को उपज का उचित मूल्य समय पर मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सशक्त हो रही है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल रही है। राज्य सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि हर पात्र किसान से हर दाना खरीदा जाएगा और हर रुपये का भुगतान समय पर किया जाएगा, ताकि छत्तीसगढ़ का किसान और अधिक समृद्ध, आत्मनिर्भर और सुरक्षित बन सके। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के भंडारण में सूखत एवं अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। जिन संग्रहण केन्द्रों में 0.5 प्रतिशत से अधिक एवं 1 प्रतिशत से कम कमी पाई गई, वहाँ केन्द्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। 01 से 02 प्रतिशत तक कमी पाए जाने पर विभागीय जांच शुरू की गई।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26